हरिभूमि

# संस्कारधानी भूमि

रायपुर, सोमवार 12 मई 2025




# शहर के मंदिरों में चोरी का नया ट्रेंड, निजी जरूरतें पूरी करने दान पेटियों का ताला तोड़ रहे आरोपी, पुलिस के हाथ खाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर में इन दिनों चोरी का नया ट्रेंड देखने को मिल रहा है। नशे की गिरफ्त में जा चुके युवा अपनी निजी जरूरतें पूरी करने के लिए मंदिरों में रखे दान पेटियों को निशाना बना रहे हैं। चेहरे पर कपड़ा बांधकर आने वाले यह चोर मंदिरों की दान पेटियों से चिल्हर को छोड़ नोट ले जा रहे हैं। चिंताजनक बात यह है कि पिछले एक महीने के दौरान आधा दर्जन से अधिक मंदिरों में चोरी होने के बाद भी शहर में पुलिस महकमा ने रात्रि गश्त को टाइट नहीं किया है। यही कारण है कि शहर की एक और मंदिर से मंगलवार रात चोरी की शिकायत सामने आई है।

ऐसा भी नहीं है कि शहर के किसी एक ही इलाके में ही मंदिरों को टारगेट बनाया जा रहा हो, बल्कि अलग-अलग हिस्सों में स्थित मंदिर में चोरी की वारदात देखने को मिल रही है। इनमें छोटी से लेकर बड़ी मंदिर भी शामिल है। मंगलवार की रात बजरंगपुर नवागांव इलाके में चोरी की घटना घटित हुई है। जबकि इसके पहले पिछले एक महीने के दरमियान कोतवाली थाना के ठीक पीछे मौजूद महामाया मंदिर, मां काली मंदिर, पूनम कॉलोनी स्थित शिव गजानन मंदिर और दिग्विजय कॉलेज के सामने मौजूद दुर्गा मंदिर में भी इसी तरह चोरी की घटना हुई थी। अधिकांश मामले में आरोपी पुलिस की पकड़ से बाहर है। जबकि मां काली मंदिर समिति के सदस्यों ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदेही को पकड़कर खुद ही पुलिस को सौंपा था।

## पुलिस सुरक्षा पर उठने लगे सवाल, सिर्फ नाम के लिए हो रही रात्रि गश्त

### अलसुबह हो रही चोरियां

पिछले एक महीने के दौरान शहर के आधा दर्जन मंदिरों में चोरी का मामला सामने आया है। अधिकांश मामलों में देखा गया है कि चोरी की घटना देर रात 3 से सुबह 5 बजे के बीच घटित हो रही है। वहीं चोरी करने ग्रुप में आने के बजाय अकेले आरोपी पहुंच रहे हैं। लगातार चोरी होने के बावजूद पुलिस के हाथ खाली होना सवालिया निशान खड़े कर रहा है।






### चिखली चौकी से लगे मंदिर में चोरी

मंदिरों को निशाना बना रहे चोरों के गिरोह का आंतक इस कदर बढ़ गया है कि वे अब पुलिस के भी खौफ में नहीं है। शनिवार को चिखली पुलिस चौकी से लगे श्री हनुमान मंदिर में चोरी की घटना सामने आई है। चौकी परिसर से लगे मंदिर में चोरी की घटना के सामने आने के बाद पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। सूत्रों ने बताया कि पुलिस ने इस मामले में अभी तक एफआईआर भी दर्ज नहीं किया है। लगातार चोरी की घटनाओं से लोगो में खौफ की स्थिति है।

### दान पेटी ले गए चोर

नवागांव क्षेत्र में भी चोरों ने यहां भगवान शिव - हनुमान मंदिर में बीते 7 मई की रात लगभग 1 बजे चोरी की वारदात को अंजाम दिया है । अज्ञात चोरों ने यहां मंदिर का ताला तोड़कर दान पेटी सहित रुपयों की चोरी कर ली। बताया जा रहा है कि दान पेटी में लगभग 20-25 हजार रुपए थे । सुबह महिलाओं ने जब मंदिर पहुंचकर देखा तो मंदिर के भीतर से दान पेटी गायब थी। वहीं गेट का ताला टूटा हुआ था । वार्ड के पार्षद राजा तिवारी ने कहा कि मंदिरों में चोरी होना दुर्भाग्यपूर्ण है ।

## मरम्मत नहीं होने से लोगों को नहीं मिल पा रहा सुविधाओं का लाभ

# भीषण गर्मी में कई वाटर एटीएम बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

लोगों को एक रुपए में एक लीटर शुद्ध पेयजल देने की मंशा से शहर के शासकीय कार्यालयों, सार्वजनिक स्थानों और जिला अस्पताल के समीप कुछ वर्ष पहले वाटर एटीएम लगाया गया था। जिसकी देखरेख के अभाव में लगभग सभी वाटर एटीएम खराब पड़े हैं। कई वाटर एटीएम के पुर्जे भी चोरी हो गए हैं।

सार्वजनिक स्थानों पर लोगों को कम दर पर शुद्ध पेयजल के लिए नगर निगम द्वारा वाटर एटीएम लगाया गया है, लेकिन इसका लाभ लोगों को नहीं मिल पा रहा है। शहर के कई वाटर एटीएम बंद है। वहीं यहां साफ-सफाई का अभाव भी है। वाटर एटीएम के भीतर लगी पानी की टंकियों की लंबे समय से सफाई भी नहीं हुई है।




### नहीं हुआ सुधार कार्य

लाखों रुपए की लागत से शहर में लगे वाटर एटीएम का उपयोग नहीं हो पा रहा है। गर्मी की शुरूआत से पहले सभी वाटर एटीएम की मरमत कर इसे दुरुस्त किया जाना था, लेकिन मरम्मत के अभाव में वाटर एटीएम खराब पड़े हैं।

### समाजसेवियों ने की सेवा करने से तौबा

शहर की समाजसेवियो और संगठनो ने इस बार भीषण गर्मी में प्याऊ घर ही शुरू नहीं किए है। शहर की एक संस्था का नाम प्याऊ घर की स्थापना को लेकर पहचाना जाता था लेकिन इस संस्था ने भी इससे तौबा कर ली है। शहर में एक दो स्थानो पर ही कुछ लोगो द्वारा अपने स्तर पर प्याऊ घर का संचालन किया जा रहा है। जिससे राहगीरो को गर्मी में ठंडा पेयजल मिल रहा है

### शहर में लगभग 8 वाटर एटीएम

शहर के चौपाटी, गंज चौक, नगर निगम, जिला अस्पताल, कलेक्टोरेट परिसर सहित लगभग 8 स्थानों पर वाटर एटीएम लगाया गया था। जिसमें से अधिकांश जगहों के वाटर एटीएम मरम्मत के अभाव में बंद पड़े हैं।

### बाजार से खरीद रहे पानी

भीषण गर्मी के बीच वाटर एटीएम के बंद होने के चलते बाहर से आने वाले लोगों को अपनी प्यास बुझाने के लिए मजबूरन दस रुपए में बोतल बंद पानी लेकर पीना पड़ रहा है।

# बोर्ड की प्रावीण्य सूची में सरकारी स्कूलों के बच्चों ने निजी को पछाड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

हाल ही में संपन्न हुए कक्षा दसवीं और बारहवीं के परीक्षा परिणामों में निजी स्कूलों के मुकाबले शासकीय स्कूलों के विद्यार्थियों ने अपना जौहर दिखाया है। जिले की प्रावीण्य सूची में शासकीय स्कूल में अध्यनरत बच्चों ने निजी स्कूलों को पछाड़ा है।

शिक्षा के क्षेत्र में माता-पिता का फोकस अपने बच्चों के लिए प्राइवेट स्कूलों में रहता है। प्राइवेट स्कूलों में दाखिले की होड़ आरटीई के आवेदनों की लंबी फेहरिस्त को देखकर समझ जा सकता है, लेकिन परीक्षा के परिणाम निजी स्कूलों से बेहतर शासकीय स्कूलों के नजर आते हैं। कक्षा 10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणाम की बात की जाए तो निजी स्कूलों के मुकाबले शासकीय स्कूलों के बच्चों ने जिले की मेरिट लिस्ट में अपना और अपने स्कूल का नाम रौशन किया है।

### दसवीं के टॉपर भी अधिक

कक्षा दसवीं की मेरिट लिस्ट में प्रथम से लेकर दसवें स्थान तक कुल 18 टॉपर रहे हैं। जिसमें शासकीय स्कूलों में अध्यनरत 11 विद्यार्थियों ने मेरिट लिस्ट में अपना स्थान बनाया है। वहीं निजी स्कूलों के 7 विद्यार्थी ही प्रवीण्य सूची में शामिल हो पाए।

### 12वीं में भी दिखाया दम

कक्षा 12वीं की मेरिट लिस्ट में कुल 17 विद्यार्थियों ने प्रथम से लेकर दसवां स्थान हासिल किया है। इसमें महज 6 विद्यार्थी निजी स्कूलों में अध्यनरत है। वहीं शासकीय स्कूलों के 11 विद्यार्थियों ने टॉप किया है।

### बेटियों ने मारी बाजी

10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा परिणाम में बेटियां अग्रणी दिखाई देती है। इस वर्ष भी जिले की मेरिट लिस्ट में कक्षा दसवीं में 18 में से 12 बेटियों ने टॉप किया है। वहीं कक्षा 12वीं की बात की जाए तो 17 टॉपर में 12 बेटियों ने प्रावीण्य सूची में अपना स्थान बनाया है। ओवर ऑल देखा जाए तो कक्षा 10वीं और 12वीं के कुल 35 टॉपर में 24 बेटियां है।

### आत्मानंद स्कूल का 10वीं में बेहतर प्रदर्शन

शासकीय स्वामी आत्मानंद इंग्लिश स्कूल मीडियम स्कूल के 7 विद्यार्थियों ने अपना स्थान जिले की मेरिट लिस्ट में बनाया है। जिसमें कक्षा दसवीं में 5 विद्यार्थी और कक्षा 12वीं के महज 2 विद्यार्थी ही शामिल हैं।

# चिल्हाटी में चक्काजामः व्यापारी, शिक्षक सहित ग्रामीणों पर लगी डेढ़ दर्जन धाराएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

21 अक्टूबर 2024 को चिल्हाटी महाराष्ट्र स्टेट हाईवे में हुए चक्काजाम को लेकर पुलिस ने जिन 11 लोगों के ऊपर एफआईआर दर्ज किए हैं, उन्हें अब अलग-अलग गैरजमानती धाराओं में जेल भेजने की कार्रवाई किया जा रहा है। जिसमें 4 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

ज्ञात हो कि मिरचे मार्ग में ओवरस्पीड गाड़ी के ठोकर से एक गांव का आम युवक का निधन हो गया था] जिस पर गुस्साए ग्रामीणों एवं क्षेत्रवासियों ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर चालक, गाड़ी कंपनी के ऊपर कार्रवाई तथा उचित मुआवजा के लिए चिल्हाटी स्टेट हाईवे मुख्य मार्ग पर चक्काजाम किया था, जिस पर पुलिस ने 11 नामजद लोगों के नाम एफआईआर दर्ज किया था। उक्त फाइल को अब अंबागढ़ चौकी थाना प्रभारी निरीक्षक अश्वनी राठौर को भेज दिया गया है।



### प्रतिशोध में जेल भेजे जा रहे हैं

थानेदार रविशंकर डहरिया के कारनामों के उजागर होने के बाद प्रतिशोध में अनावश्यक धारा लगाकर गिरफ्तार कर ग्रामीणों को जेल भेजा जा रहा है। दलगत राजनीति से ऊपर उठकर भाजपा के वरिष्ठ नेताओं को उनके राज में हो रहे पुलिसिया कहर का संज्ञान लेना चाहिए।

- **इंद्रशाह मंडावी,** विधायक मोहला-मानपुर

### सेटलमेंट में 5 लाख मांग रहा था थानेदार

आरोप है कि इस घटना में फंसे लोगों से निलंबित चिल्हाटी थाना प्रभारी रविशंकर डहरिया एफआईआर से नाम हटाने 11 लोगों से 5 लाख का डिमांड किए थे, जिसे हिरासत में लेने एंटी करप्शन ब्यूरो रायपुर की टीम चिल्हाटी पहुंचीं थी। जिसकी भनक लगने पर थाना प्रभारी लापता हो गए। आरोप लगाया जा रहा है कि इधर चक्काजाम मामले कि फाइल इस छापेमारी के विरोध और गुस्सा में अंबागढ़ चौकी के निरीक्षक अश्वनी राठौर को सौंपा गया है। जिसमे अब कार्रवाई सुनिश्चित हो रही है। बताया गया कि घंटो चले उक्त चक्काजाम घटनाक्रम में स्थानीय लोगों के साथ मोहला-मानपुर विधायक इंद्रशाह मंडावी, तत्कालीन कांग्रेस जिला अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य अरुण यादव चक्काजाम को लीड कर रहे थे । जिनका नाम एफआईआर में शामिल नहीं है।

### चक्काजाम के आरोपी ग्रामीण, व्यापारी एवं शिक्षक

उक्त चक्काजाम में विधायक इंद्रशाह मंडावी, तत्कालीन कांग्रेस जिलाध्यक्ष अनिल मानिकपुरी, भाजपा समर्थित जिला पंचायत सदस्य अरूण यादव भी मौके पर मौजूद थे, परन्तु पुलिस ने स्थानीय व्यापारी, शिक्षक एवं ग्रामीणों के ऊपर कार्रवाई जारी रखा है। 21 अक्टूबर को किए गए चक्काजाम में चिन्हित ग्रामीणों के ऊपर अपराध क्रमांक 85/2024 अंतर्गत धारा 49, 56, 57 ,61, 121 (1), 126 (1), 132, 189 (2), 190, 191 (2), 192, 195 (1), 221, 223 (ख), 224, 285, 352 बीएनएस की धारा लगाई गई है, ये जो धारा लगाई गई है, उसमें पुलिस के साथ मारपीट, गाली-गलौज, उकसाने, सरकारी व्यक्ति को चोंट पहुंचाने, शासकीय कार्य में बाधा, दूसरों को भड़काना जैसे आरोप पुलिस ने दर्ज किए हैं।










## खबर संक्षेप



### साहू समाज ने किया भाव्या का सम्मान

**डोंगरगांव।** दसवीं में ग्राम बोदेला के चतुर साहू की पुत्री भाव्या साहू ने 97.17 प्रतिशत अंक लेकर जिले में प्रथम स्थान हासिल किया है। परिणाम आने के बाद विधायक दलेश्वर साहू ने बोदेला पहुंचकर भाव्या से मुलाकात कर बधाई दी। इस मौके पर जयश्री साहू, जिला साहू संघ के पूर्व महामंत्री अमरनाथ साहू, तहसील अध्यक्ष हेमंत साहू, इन्द्रसेन साहू, राजेश साहू, चतुर साहू, गुहरीराम साहू, कुंदन साहू, भारत साहू आदि मौजूद थे। इसी क्रम में तहसील साहू संघ ने मटिया स्थित भवन में समारोह आयोजित कर भाव्या को सम्मानित किया है। इस दौरान धनराज साहू, शिवराम साहू, माधव साहू, सुरेन्द्र साहू, कौशल साहू, पुरुषोत्तम साहू, सीएल हिरवानी, सुंदरलाल साहू, रोहित साहू आदि उपस्थित थे।

### मस्ती के साथ योग का अभ्यास



**डोंगरगांव।** नगर के चिल्ड्रन गार्डन प्ले स्कूल में रविवार को संस्कृति और संस्कार पर आधारित मस्ती की पाठशाला आयोजित की गई। छुटियों के दिनों में बच्चों को नैतिक शिक्षा से जोड़ते हुए खेल, नाटक, कहानी एवं संगीत के माध्यम से विभिन्न गतिविधि कराया गया। मातृ दिवस के उपलक्ष मे माँ पर आधारित विषयों पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम का संचालन आशा फाउंडेशन की सदस्य अंकिता गुप्ता ने किया। यह आयोजन प्रत्येक रविवार का संस्था में आयोजित होने की जानकारी संस्था प्रमुख अनिल रुपलानी ने दी। उन्होंने सभी स्कूलों के बच्चों से कार्यक्रम से जुड़ने की अपील की है।

### कॉलेज में प्री-प्लेसमेंट गतिविधि 15 को

**गंडई पंडरिया।** प्रिज्म ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन भिलाई द्वारा आगामी 15 मई को प्रातः 11 बजे देवी प्रसाद चौबे महाविद्यालय गंडई के सेमिनार हॉल में प्री प्लेसमेंट गतिविधि का आयोजन रखा गया है। कार्यक्रम का उद्देश्य स्नातक और स्नातकोत्तर की पढ़ाई कर चुके या अंतिम वर्ष की परीक्षा में शामिल हो रहे विद्यार्थियों को बहुराष्ट्रीय और राष्ट्रीय कंपनियों द्वारा आयोजित प्लेसमेंट परीक्षाओं और साक्षात्कार की प्रक्रिया के लिए तैयार करना है। कार्यक्रम में भाग लेने वाले विद्यार्थियों की क्षमताओं का प्रारंभिक मूल्यांकन किया जाएगा। इसके साथ ही उन्हें प्रोफेशनल अपटिट्यूड, इंटरव्यू स्किल्स और जॉब मार्केट की जरूरतों के अनुसार मार्गदर्शन और प्रशिक्षण दिया जाएगा इच्छुक उम्मीदवार 14 मई तक सहायक प्राध्यापक रसायन शास्त्र के भागवत राम से संपर्क कर अपना पंजीकरण करा सकते हैं।

### नवविवाहिताओं को मिलेगा वंदन योजना का लाभ



**डोंगरगांव।** महतारी वंदन योजना का लाभ शीघ्र ही उन नवविवाहित महिलाओं को मिला जो योजना के पात्र हैं। जिला पंचायत सभापति जागृति चुन्नी यदु ने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नवविवाहित महिलाओं से वादा किया है कि जल्द ही उन्हें भी महतारी वंदन योजना का लाभ दिया जाएगा। आवेदन की प्रक्रिया जल्द शुरू की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश की महिलाओं के आर्थिक स्वावलंबन, स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सुधार के लिए महतारी वंदन योजना चलाया जा रहा है। योजना का लाभ मार्च 2024 से प्रदेश की महिलाओं को मिल रहा है। पात्र विवाहित महिलाओं को सरकार द्वारा प्रतिमाह 1000 रुपए की वित्तीय सहायता दी जा रही है। अब नए हितग्राही इस योजना से जुड़कर इसका लाभ ले सकते हैं।

## बाजार, मंडी परिसर एवं मार्गों की सफाई

# नगर की स्वच्छता के लिए सड़क पर आई शहर सरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी

स्वच्छ भारत मिशत के तहत नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के लिए निकाय सप्ताह में एक दिन श्रमदान अभियान चला रहा है। मुहिम में स्थानीय निवासियो को जोड़कर नगर में स्वच्छता के प्रति माहौल तैयार करते हुए जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस मुहिम में नगरवासी भी स्वप्रेरित होकर जुड़ने लगे हैं।

स्थानीय नगर पंचायत में नवीन परिषद के काबिज होने के बाद नगर को स्वच्छ तथा सुविधापूर्ण बनाने की दिशा में काम किया जा रहा है। स्वच्छता मिशन के पहले चरण में नगर में जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। मुहिम से नगरवासियों को जोड़ने के लिए सप्ताह में एक दिन अधिकारी कर्मचारियों के साथ साथ मुख्य मार्गों, चौक चौराहों में सफाई अभियान चलाया जा रहा है। मुहिम की अगुवाई अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी कर रहे है। नगर अध्यक्ष के आगे आने के बाद नपं का अमला भी स्वःफूर्त होकर आगे आ रहा है। नगर अध्यक्ष ने बताया कि प्रत्येक सप्ताह में शनिवार या रविवार को स्वच्छता श्रमदान की योजना बनाई गई है। पहले चरण में मुख्य मार्गों, सडकों, गलियों और चौक चौराहों में स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। वार्डो में षिविर लगाकर सफाई किया जाएगा। बीते शनिवार को बस स्टैंड से डॉ आम्बेडकर चौक, गुप्ता चौक, बजरंग चौक, सुभाष चौक, गांधी चौक, पटेल पारा, लिंक कोर्ट सहित आसपास सफाई की गई। इस मुहिम में उपयंत्री हरीशंकर वर्मा, उपाध्यक्ष पवन गुप्ता, पार्षद दिलीप कुंभकार, उमा निषाद, विनोद डेहरिया, शंकर निषाद, रिनी पारेटी, रेहाना बेगम, शोभा भोयर, मोंटी खंडेलवाल, तिलक यादव, जलील अहमद रब्बानी, रामकुमार देवांगन, लोकेश सलामे, सिद्धार्थ देवांगन सहित अन्य शामिल हुए।



### फोटोग्राफी नहीं जमीन में काम करके दिखाए

महिने भर से चलाए जा रहे स्वच्छता श्रमदान अभियान को लेकर नगर अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने कहा की यह अभियान फोटोग्राफी व सेल्फी से नही चलेगा। इसे लिए जमीन में काम करके दिखाना पडेगा। नगर अध्यक्ष ने कहा की कुछ लोग केवल झाडू पकडकर फोटो खिचाते है और समय गुजार कर निकाल जाते है। वे सभी के काम पर बारिकी से नजर रख रहे है। इसलिए वे सभी को निर्देष दे रहे है की अब अपनी कार्यप्रणाली सुधार ले और हकीकत में काम करके दिखाए। अन्यथा कार्रवाई के लिए तैयार रहे।

### बाजार और मंडी में अभियान

स्वच्छता श्रमदान अभियान के तहत साप्ताहिक बाजार एवं कृषि उपज मंडी परिसर में सफाई की गई। अगले चरण में मटन मार्केट में अभियान चलाया जाएगा। बाजार व मंडी क्षेत्र में जगह जगह कचरे का ढेर मिला। नगर अध्यक्ष ने खड़े होकर बाजार के चबूतरा की सफाई कराया एवं कचरे के ढेर को उठवाया। इसके बाद खरपतवार की कटाई एवं नालियों की सफाई कराया गया।

### शौचालय में गंदगी देखकर भड़के अध्यक्ष

नगर अध्यक्ष मानिकपुरी ने जब बाजार स्थित सार्वजनिक शौचालय का निरीक्षण किया तो गंदगी देखने मिला। शौचालय की टाइल्स व फ्लोरिंग उखडा मिला। वेस्ट पाईप टूटा मिला। गंदे पानी का जमाव मिला। अध्यक्ष ने नाराजगी जाहिर करते हुए सीएमओ को तीन दिवस के अंदर दुरूस्त कराने कहा।

### बाजार से एनीकट जाने वाले मार्ग में नाली बनाए

बाजार चौक से एनीकट जाने वाले मार्ग में आस पास के निवासियो के घरो का निस्तार का गंदा पानी सडक में बह रहा है। सडक में घरो का गंदा पानी बहने से यात्रियो व नागरिको को काफी परेषानियो का सामना करना पड रहा है। इस इलाके के निवासियो ने नगर अध्यक्ष से भेटकर नाली निर्माण की मांग रखी। नगर अध्यक्ष ने सडक की स्थितियो को देखते हुए सीएमओ व उपयंत्री को निर्देष दिया की इस मार्ग में जल्द से जल्द नाली का निर्माण कराया जाए। अभी फंड नही है तो कच्ची नाली निकाली जाए। यदि लोग जगह नही देते है तो नोटिस जारी कर चबूतरा तोडे पर अनिवार्य रूप से नाली बनाए। नगर अध्यक्ष ने कहा की सडक के साथ साथ हर स्थान पर नाली बनाया जाना आवष्यक है। यदि नाली नही बनेगा तो सडक में घरो का गंदा पानी आएगा। इसलिए हर स्थान में सडक से पहले नाली बनाया जाना आवष्यक है।

# शिविर में 81 आवेदनों का हुआ समाधान

## 90 हितग्राहियों को किया लाभान्वित




हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

कलेक्टर तुलिका प्रजापति के निर्देशन और मार्गदर्शन में विकासखंड मोहला के ग्राम पंचायत धोबेदंड में समाधान शिविर आयोजित किया गया। समाधान शिविर में 3499 आमजनों को अपनी समस्याओं से निजात पाने का सुनहरा मौका मिला। सुशासन तिहार अंतर्गत प्राप्त 3499 आवेदकों की समस्याओं का निराकरण करते उन्हें प्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित किया गया। इसके साथ ही समाधान शिविर स्थल में विभिन्न विभागों को 81 आवेदन प्राप्त हुए जिनका मौके पर ही निराकरण कर लाभांवित किया गया। समाधान शिविर में विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत 90 हितग्राहियों को सामग्री व चेक वितरित किया गया। समाधान शिविर में खाद्य विभाग ने 28 हितग्राहियों को उनकी मांग पर नवीन राशनकार्ड वितरित किया। इसी प्रकार 5 हितग्राहियों को मनरेगा अंतर्गत जॉब कार्ड, 5 ग्राम पंचायत को टीबी मुक्त होने पर प्रशस्ति पत्र, स्वास्थ्य विभाग द्वारा 4 हितग्राहियों को वय वंदन कार्ड, 21 हितग्राहियों को पशु शेड स्वीकृत प्रमाण पत्र, चार हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास पूर्ण होने पर घर की चाबी प्रदान किया गया। पांच हितग्राहियों को पेंशन स्वीकृति पत्र प्रदाय किया गया। छह हितग्राहियों को सुपोषण आहार कीट, 6 हितग्राहियों को शौचालय स्वीकृति का प्रमाण पत्र, 2 हितग्राहियों को राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत चेक पत्र, 3 तीन कृषकों को जमीन नक्शा प्रदाय किया गया।

### मौके पर ही समाधान

ग्राम पंचायत धोबेदंड में आयोजित समाधान शिविर अनेक हितग्राहियों को अपनी समस्याओं से निजात पाने का कारगर मौका साबित हुआ है। समाधान शिविर में जहां समस्या और मांगों से संबंधित आवेदनों का निराकरण किया गया। वहीं विभिन्न योजनाओं के तहत अनेक हितग्राहियों को उनकी मांग पर सामग्री व चेक वितरित करते लाभान्वित किया गया।

### जनप्रतिनिधि हुए शामिल

इस दौरान जिला पंचायत सदस्य नरसिंग भंडारी, पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह, जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी भारती चंद्राकर, वनमंडलाधिकारी दिनेश पटेल, एसडीएम हेमेन्द्र भुआर्य, जनपद सीईओ केशवरी देवांगन सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

# टाटेकसा स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा शत-प्रतिशत







हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी

छत्तीसगढ़ सीमा पर बसे ग्राम टाटेकसा के हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूल का परीक्षा परिणाम बेहतर रहा। कक्षा 10 वीं की परीक्षा में 25 बच्चे सम्मिलित हुए थे। शाला की हेमलता पटेल 85.50 प्रतिशत लेकर प्रथम, नमन कुमार 84 प्रतिशत अंक के साथ दूसरे, पूर्णिमा तीसरे और शालिनी कोमरे चतुर्थ स्थान पर रही।

शाला के 14 बच्चे प्रथम श्रेणी और 7 द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। कक्षा 10 वीं का परिणाम शत प्रतिशत रहा। इसी प्रकार कक्षा बारहवीं में कमल यादव ने 83.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। निकिता यादव 78.60 द्वितीय, शीतल 74.20 प्रतिशत तृतीय और रितु 74 प्रतिशत अंक प्राप्त कर चौथे स्थान पर रही। परीक्षा में शामिल 33 में से 26 प्रथम श्रेणी और पांच द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। बारहवीं का परिणाम 97 प्रतिशत रहा।

प्राचार्य जीआर नेताम, व्याख्याता आरबी सलामे, यूएस ठाकुर, एसएस कंवर, एमके वर्मा, वीवी देवांगन, आर कोटांगले, एस नाजनी, के साहू, आर साहू, उद्धव ठाकुर एवं एसएमसी अध्यक्ष सी पन्ना आदि ने बच्चों को बधाई दी है।

# समाधान शिविर में शामिल नहीं हो रहे अफसर, कार्यालय में भी नहीं मिलते

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए राज्य शासन द्वारा सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। शहर के वार्डों और ग्रामीण क्षेत्रो में समाधान शिविर आयोजित किया जा रहा है किन्तु अधिकारी सरकार की मंशा के अनुरूप काम करने के बजाए खानापूर्ति करने में लगे है। समाधान शिविर में कुछ विभाग को छोडकर अनेक विभाग के अधिकारी शामिल नहीं हो रहे हैं। कई प्रमुख विभागों को तो समाधान शिविर की जानकारी तक नहीं मिल रही है। विभाग के बाबू शिविर में शामिल हो रहे हैं जो चर्चा का विषय है। जानकारी के अनुसार शिविर में लोक निर्माण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, आरईएस, वन, विद्युत मंडल, मत्स्य पालन, पशु चिकित्सा विभाग की उपस्थिति दिखाई नहीं देती है। जनपद पंचायत और पालिका के अधिकारी शिविर का प्रचार करने पीछे नजर आ रहे हैं। हैरान करने वाली बात यह है कि कई विभागों के अधिकारी कार्यालय में भी नहीं रहते जबकि कार्यालय में यह बताया जाता है कि अधिकारी शिविर में गए हैं।

## फिर सड़क पर आए दुकानदार

**डोंगरगढ़।** लाखों रूपए खर्च कर सब्जी मंडी को फिर से शुरू किया गया किन्तु दुकानदार फिर रोड में दुकान लगा कर मनमानी करने लगे है। दुकानदारों का कहना है कि सब्जी मंडी में जाने के बाद उनका व्यपार नहीं हो रहा है। एक दूसरे की देखा देखी में वह सड़क पर ही दुकान लगाने लगे है। पालिका लाखो खर्च कर बाजार को व्यवस्थित करने का प्रयास कर रही है जबकि दुकानदार यातायात व्यवस्था को बाधित करने में लगे है। शहर में गोलबजार एवं बुधवारी दो प्रमुख बाजार हैं जो में रविवार एवं बुधवार को लगते हैं। गोल बजार की सब्जी दुकाने नियमतः निर्धारित स्थान पर लग रही है किन्तु बुधवारी बाजार के व्यपारी पर्याप्त धंधा नहीं होने के कारण सड़क पर दुकान लगा रहे हैं। नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे ने दुकानदारों को सड़क पर दुकान नहीं लगाने की समझाइश देते हुए कहा कि मनमानी जारी रही जप्ती बनाने की कार्रवाई की जाएगी।

## युवा शिविर आज से

**डोंगरगांव।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में ग्राम रामतराई एवं ग्राम पंचायत जयसिंह टोला के ग्रामीणों के सहयोग से गायत्री प्रज्ञापीठ छुरिया द्वारा चार दिवसीय व्यक्तित्व निर्माण युवा शिविर का आयोजन कल 12 मई से रखा गया है। पूर्णतः आवासीय शिविर में 18 से 30 वर्ष की आयु के युवक युवतियां भाग लेंगे। प्रतिदिन विषय विशेषज्ञ शिविरार्थियों का मार्गदर्शन करेंगे।

# भाजपाई करने लगे जुआ-सट्टा और शराब की शिकायत

## शासकीय जमीन पर हो रहा कब्जा

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

नगर में जुआ सट्टा, अवैध शराब की बिक्री के अलावा शासकीय भूमि पर कब्जे को लेकर भाजपा के जनप्रतिनिधि ही शिकायत कर मामले की जांच और कार्रवाई की मांग करने लगे हैं।

स्थानीय प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए अवैध कारोबार को जड़ से उखाड़ने कार्रवाई शुरू की है। नगर में पिछले एक हफते से अवैध शराब के कारोबार पर कुछ अंकुश लगा है। खाईवाल एवं पट्टी लिखने वाले फरार हो गए हैं। राज्य में भाजपा सरकार बनने के बाद जुआ सट्टा एवं शराब का कारोबार को लेकर भाजपा नेताओं में विवाद की स्थिति निर्मित होने लगी थी। इस कारोबार को कुछ नेताओं के संरक्षण में संचालित किया जा रहा है। वहीं स्थानीय नेता भी अपने लोगों को इस कारोबार से जोड कर स्वार्थ सिध्द करने में लगे हैं। प्रशासन पर दबाव बना कर इस अवैध कारोबार को संचालित कर रहे हैं।

### बेजा वसूली की भी चर्चा

इसी प्रकार शासकीय जमीन पर अवैध कब्जे को लेकर भाजपा नेताओं ने शिकायत कर जांच की मांग की है। जानकारी के अनुसार 2002 से शासकीय भूमि की प्लाटिंग और निर्माण को लेकर शिकायत होने के बाद पार्टी फंड के नाम से रकम की डिमांड शुरू हो चुकी है।

## पार्षद श्रोती की पहल

# आधार में बायोमैट्रिक एवं डेमोग्राफी अपडेट शिविर का दोबारा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगर निगम के वार्ड क्र. 47 मोहारा में शिक्षा विभाग के चेयरमैन व वार्ड पार्षद आलोक श्रोती की पहल पर आधार कार्ड में मोबाइल नंबर, बायोमैट्रिक एवं डेमोग्राफी अपडेट का दोबारा शिविर लगाया गया। पिछले रविवार को आयोजित शिविर में 138 नागरिकों का आधार अपडेट हुआ था। आज रविवार को आयोजित शिविर में सुबह से शाम तक बड़ी संख्या में वार्ड के नागरिकों ने आधार अपडेट करवाने दस्तक दी। शिविर सुबह 10 से शाम 6 बजे तक आयोजित रहा। जिसमें वार्ड के नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और दोबारा आयोजित शिविर में लगभग 124 नागरिकों द्वारा आधार बायोमैट्रिक एवं डेमोग्राफी अपडेट करवाया गया।

वार्ड में आयोजित शिविर में ई-डिस्ट्रिक्ट प्रबंधक सौरभ मिश्रा का लगातार सहयोग प्राप्त हो रहा है। साथ ही चिप्स कार्यालय से लीलाधर कुंभकार एवं कुंज बिहारी कुंभकार ने अपनी सेवाए दी है। पार्षद आलोक श्रोती ने कहा कि आधार अपडेट नहीं होने की वजह से हितग्राहियों को केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ प्राप्त होने में बहुत दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। आधार कार्ड में जो मोबाइल नंबर लिंक है, वो बंद हो चुका है या गुम चुका है या परिवार के सदस्यों के बाहर रहने की वजह से उपयोग नहीं हो पा रहा है। इस वजह से नया नंबर अपडेट करवाना अत्यंत आवश्यक हो गया था।



### आधार कार्ड अपडेट

पार्षद श्रोती द्वारा उन्होंने अपने वार्ड के नागरिकों को आधार कार्ड अपडेट करने लगातार अपील की। इस वजह से दोबारा आज आयोजित शिविर में वार्ड के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपना आधार कार्ड अपडेट करवाया। शिविर में भाजपा कार्यकर्ता परशु प्रजापति, देवकी देवांगन, मीना सोनकर, लक्की देवांगन, मोहन तिवारी, पिंटू देवांगन, सोहन प्रजापति, लक्ष्मण प्रजापति, दुबेश प्रजापति, कीर्ति प्रजापति, भुवनेश्वरी सिंहा, सुरेश सिन्हा, रूपेंद्र शर्मा सहित भाजपा कार्यकर्ताओं की दिनभर सक्रिय भागीदारी रही। उपरोक्त जानकारी पार्षद कार्यालय प्रभारी आरती देवांगन ने दी।

# बिजली की अनियमित सप्लाई से परेशानी

- ट्रांसफार्मर बदलने और क्षमता बढ़ाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ घुमका

विद्युत की आंख मिचौली से नगरवासियों में आक्रोश पनप रहा है। नगर पंचायत के ब्राम्हण पारा और वार्ड दो के लोग बिजली की अनियमित सप्लाई से परेशान है। मोहल्लेवासियों ने बताया सप्ताह भर से यहाँ विद्युत की आपूर्ति रुक रुक कर हो रही है। प्रभुलाल यादव, गौरव शर्मा, आयुष्मान सिंह आदि ने बताया कि रात्रि में कभी भी बिजली गुल हो जाती है। विद्युत विभाग के जेई आशीष कुशवाहा से बात करने पर कोई सकारात्मक जवाब नहीं मिलता। लोगों की परेशानी को देखते हुए इस आशय की शिकायत डीई रविन्द्र गोस्वामी से पूर्व सरपंच फूलमती वर्मा ने करते हुए समस्या को दूर करने की मांग की है। उन्होंने ब्राह्मण में लगे 63 एचपी ट्रांसफार्मर को 100 एचपी में बदलने एवं सिंगल फेस को थ्री फेस करने की मांग की है। बाजार चौक में 200 एचपी ट्रांसफार्मर के पास अतिरिक्त ट्रांसफार्मर, मछली पसरा के पास लगे 25 एचपी के फैलियर ट्रांसफार्मर के स्थान पर नया ट्रांसफार्मर, स्वास्थ्य कर्मचारी क्वार्टर के पास लगे 25 एचपी के ट्रांसफार्मर को बदलने एवं मौहरी भांठा में ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाने की मांग की है।



जेई आशीष कुशवाहा ने बताया कि ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाने की आवश्यकता है। ब्राह्मणपारा में वन फेस को थ्री फेस करने की जरूरत है। कंज्यूमर आवेदन कर डिमांड करे तो समस्या का निदान हो सकता है।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## सार समाचार

### मेला का आयोजन 13 को

**राजनांदगांव।** राष्ट्रीय प्रशिक्षुता संवर्धन योजना के तहत 13 मई को सुबह 9 बजे से शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था राजनांदगांव में पीएम नेशनल अप्रेंटिसशिप मेला (पीएमएनएएम) का आयोजन किया जाएगा। पीएम नेशनल अप्रेंटिसशिप मेला में विभिन्न प्रतिष्ठानों को अप्रेंटिसशिप व प्लेसमेंट के लिए आमंत्रित किया गया है। शासकीय व निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं से आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थी अपने समस्त शैक्षणिक एवं आवश्यक प्रमाण पत्र के साथ पीएम नेशनल अप्रेंटिसशिप मेला में शामिल हो सकते हैं।

### सीसी रोड निर्माण के लिए 10 लाख की स्वीकृति

**राजनांदगांव।** जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह ने मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना अंतर्गत डोंगरगांव विकासखंड के विभिन्न ग्रामों में सीसी रोड निर्माण कार्य के लिए 10 लाख 40 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। इसके अंतर्गत ग्राम सेम्हरा में 5 लाख 20 हजार रुपए, ग्राम खैरवार में 2 लाख 60 हजार रुपए एवं ग्राम बागनदी में 2 लाख 60 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है।

### संस्कार कॉलेज में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**राजनांदगांव।** संस्कार सिटी कॉलेज ऑफ फार्मेसी ठाकुरटोला राजनांदगांव में 7 मई को महाविद्यालय परिसर में एक दिवसीय वक्तव्य का आयोजन किया गया। कार्यशाला का विषय फार्मा उद्योग अकादमिक इंटरफेस रखा गया था। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। मुख्य अतिथि विनायक मिश्रा कार्यक्रम प्रबंधक चिकित्सा एवं जीवन विज्ञान हैदराबाद थे। उन्होंने इंडस्ट्री की कार्यप्रणाली को समझाया। उन्होंने रेगुलेटरी अफेयर्स का रोल और उसमें आगे क्या कार्य किया जा सकता है, उसके बारे में बच्चों से चर्चा की। कार्यक्रम में डी-फार्मेसी, बी-फार्मेसी एवं एम-फार्मेसी के छात्र-छात्राओं ने सक्रिय रूप से सहभागिता दर्ज की। साथ ही महाविद्यालय के समस्त शिक्षकगण भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन महाविद्यालय के प्राचार्य एवं कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ. टी कुमार द्वारा प्रस्तुत किया गया।

### रक्तदान व स्वास्थ्य शिविर आयोजित



**राजनांदगांव।** सीआरसी ठाकुरटोला राजनांदगांव में विश्व थैलेसीमिया दिवस एवं विश्व रेड क्रॉस दिवस पर स्वास्थ्य परीक्षण व रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह आयोजन दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण एवं समाजसेवा की भावना को समर्पित रहा। समारोह में सीआरसी निदेशक स्मिता महोबिया, रेडक्रॉस पदाधिकारी अशोक मोदी, सुशील जैन, हेमंत तिवारी, उत्तमचंद जैन, उमेश अग्रवाल, पुरुषोत्तम तिवारी, प्रदीप शर्मा, परंपरा ग्रुप से दिव्यांशु गोल्छा और मनोज सिंह सहित अन्य गणमान्य अतिथि एवं सीआरसी स्टाफ की उपस्थिति रही।

### 1576 बच्चों का लॉटरी से चयन

**राजनांदगांव।** जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल ने बताया कि राजनांदगांव जिले में निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के तहत कुल 4227 आवेदनों में से 1576 बच्चों का चयन लॉटरी के माध्यम से हुआ है, जिन 1462 बच्चों का आबंटन नहीं हुआ है वह द्वितीय चरण के लिए अपने आवेदन में संशोधन करा सकते हैं। द्वितीय चरण में छात्र पंजीयन (आवेदन) 20 से 30 जून तक किया जाएगा। शेष 325 सीट के लिए जो पालक प्रथम चरण में आवेदन नहीं कर पाए थे, वे निर्धारित तिथि में आरटीई में आनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### कलेक्टर से युवोदय की टीम ने की भेंट

**राजनांदगांव।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे से जिला कार्यालय के कलेक्टर कक्ष में युवोदय की टीम ने भेंट की। कलेक्टर ने यूनिसेफ एवं जिला प्रशासन राजनांदगांव के संयुक्त तत्वाधान में संचालित युवोदय राजनांदगांव कार्यक्रम में युवोदय स्वयंसेवियों की भूमिका की सराहना की। उन्होंने स्वयंसेवियों को शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी जनसामान्य तक पहुंचाने तथा जागरूकता एवं अन्य कार्यों में योगदान देने के लिए प्रेरित किया।

### एसएसपी ने बदले थाना प्रभारी
### जामुल राजेश व ममता संभालेंगी दुर्ग

**भिलाई।** एसएसपी विजय अग्रवाल ने 18 पुलिस कर्मियों का तबादला आदेश जारी किया है। इसमें निरीक्षक अमलेश्वर ममता अली शर्मा को दुर्ग, जामगांव आर निरीक्षक राज कुमार लहरे पदमनाभपुर, कोतवाली दुर्ग निरीक्षक विजय यादव सुपेला, रानीतराई निरीक्षक प्रकाश कांत जेवरा सिरसा, मोहन नगर निरीक्षक शिव चंद्रा जामगांव आर, पुलिस निरीक्षक भानुप्रताप साव अंडा, पदमनाभपुर निरीक्षक केशवराम कोसले मोहन नगर, सुपेला निरीक्षक राजेश मिश्रा जामुल, पुलिस लाइन निरीक्षक रमेश निषाद ट्रैफिक और अंजोरा चौकी उपनिरीक्षक रामनारायण ध्रुव अमलेश्वर, नेवई उप निरीक्षक खगेन्द्र पठारे अंजोरा प्रभारी, जिला विशेष शाखा दुर्ग उप निरीक्षक सुकालु राम नरेटी थाना मोहन नगर, महेश्वर लाल देवांगन नेवई, प्रभारी जेवरा सिरसा पुरषोत्तम कुर्रे रानीतराई, पुलिस लाइन दुर्ग से सहायक उप निरीक्षक संतोष मिश्रा थाना सुपेला, उतई अश्वनी कुमार पुलिस लाइन दुर्ग, चंद्रशेखर सिंह ट्रैफिक, प्रधान आरक्षक ज्ञानेश्वर देवांगन रानीतराई ट्रांसफर किया है।

### गांजा की तस्करी, महिला गिरफ्तार

**भिलाई।** गांजा की तस्करी कर रही महिला को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। महिला के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। पुलिस प्रवक्ता पद्मश्री तंवर ने बताया कि सडक 11 जोन 01 केनाल रोड छावनी निवासी अकुला मीना उर्फ कर्री उर्फ सुनीता एक्टिवा सीजी 07 सीएच 2876 के साथ 1.200 किलो गांजे के साथ पकड़ी गई।

## माटीकला व चित्रकला का बारीकी से कराया जा रहा अध्ययन

# ग्रीष्मकालीन कलात्मक शिविर में विभिन्न कलाओं का ज्ञान ले रहे छात्र



हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

इंदिरा कला संगीत विवि में कुलपति प्रो.डॉ. लवली शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित दस दिवसीय निःशुल्क ग्रीष्मकालीन कलात्मक शिविर में छोटे छोटे बच्चे विभिन्न कलाओं का ज्ञान प्राप्त कर रहे है।

शिविर में बच्चों को गायन अंतर्गत सुगम संगीत, शास्त्रीय गायन व लोक संगीत की शिक्षा दी जा रही है वही वादन अंतर्गत अवनद्ध वाद्य, नृत्य अंतर्गत कत्थक, भरतनाट्यम व लोकनृत्य का ज्ञान ले रहे है। मूर्तिकला अंतर्गत माटीकला व चित्रकला का बारीकी से अध्ययन कराया जा रहा है जिससे बच्चें बेहतर तरीके से गीत, संगीत सहित अन्य कलाओं में निपुण हो सके। शिविर में प्राध्यापकों सहित अतिथि व्याख्याताओं द्वारा बच्चों को बेहतर शिक्षा दी जा रही है वहीं बच्चें भी शिविर में रुचि ले रहे हैं और प्रतिदिन बड़ी संख्या में उपस्थित हो रहे है। शिविर का बेहतर संचालन कुलपति प्रो.डॉ. लवली शर्मा व कुलसचिव प्रेम कुमार पटेल के मार्गदर्शन और अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो.राजन यादव के संयोजन में किया जा रहा है।

### कुलपति ने बच्चों को किया प्रोत्साहित

नन्हें बच्चों की रचनात्मकता व गीत-संगीत के प्रति उनकी रूचि को बेहतर दिशा प्रदान करने संगीत विवि में आयोजित समर कैम्प का कुलपति प्रो डॉ. लवली शर्मा ने निरीक्षण किया। कुलपति नृत्य संकाय अंतर्गत कथक व भरतनाट्यम विभाग पहुंची जहां शिक्षकों सहित अतिथि प्राध्यापकों द्वारा नन्हें बच्चों को नृत्य की शिक्षा दी जा रही थी। उन्होने बच्चों से चर्चा की और मन लगाकर अध्ययन करने कहा। इसके बाद संगीत संकाय के अधिष्ठाता व अवनद्ध वाद्य विभाग के सहायक प्राध्यापक से चर्चा कर बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने कहा। मूर्तिकला विभाग मे नन्हें बच्चों द्वारा माटीकला के तहत मिट्टी से बनाये गए विभिन्न कलाकृतियों को देखकर प्रसन्नता व्यक्त कर उन्हे प्रोत्साहित किया। चित्रकला विभाग में नन्हें चित्रकारों द्वारा बनाये गये चित्रकारी का अवलोकन किया, जहां बच्चों ने अपनी रचनात्मक गतिविधियों से विभिन्न कलाकृतियां उकेरे थे जिन्हें कुलपति ने और बेहतर तरीके से ज्ञानार्जित करने की बात कही। शिविर में अपना सहयोग प्रदान कर रहे सभी शिक्षकों सहित अतिथि शिक्षकों से कहा कि सभी छात्रों को बेहतर से बेहतर शिक्षा प्रदान कर उनकी कला को निखारे। शिविर में पंजीकृत सभी बच्चें गीत-संगीत व विभिन्न कलाओं की शिक्षा लेने में रूचि ले रहे हैं और सुबह से शिविर में पहुंच रहे हैं। शिविर में बच्चों की भीड़ यह बताती है कि क्षेत्र के अधिकतर लोग कला से जुडना चाहते हैं परंतु इससे पहले उन्हें बेहतर स्थान नहीं मिल पा रहा था जिसके कारण उनकी कलाएं दम तोड़ती जा रही थी परंतु विवि में कुलपति की नियुक्ति के बाद उनके निर्देशन में नवाचार के तहत समर कैम्प का आयोजन किया गया है जहॉ नन्हें कलाकारों को उनके अंदर मौजूद कलाओं का विस्तार करने बेहतर स्थान मिला है। इस शिविर के माध्यम से नन्हे कलाकार बारीकी से विभिन्न कलाओं का गुर सीख रहे हैं।

# विवाद पर दामाद ने की ससुर की हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

विवाद के चलते आक्रोशित दामाद ने अपने ससुर पर वजनी चीज से हमला कर हत्या कर दी। इस घटना से गांव में सनसनी फैल गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है।




- गांव में सनसनी, मामले की जांच में जुटी पुलिस

पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार छुरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम दामाबंजारी में इंदल वाल्दे 56 के घर उनका दामाद लोमस उम्र लगभग 42 वर्ष कोहका तुमडीबोड निवासी आया हुआ था। बताया गया कि गांव में रिश्तेदारी में शादी थी। जिसमें शामिल होने के लिए वह अपने ससुर के घर रूका था।

### पुलिस कर रही पूछताछ

पुलिस के अनुसार आरोपी लोमस अक्सर वाद-विवाद करता था। जिससे उसका ससुर इंदल मना करता था। इस बात को लेकर आक्रोशित था। पुलिस सूत्रों ने बताया कि इंदल वाल्दे आज दोपहर सो रहा था, इसी दौरान आरोपी ने वजनी सामान से हमला कर दिया, जिसे गंभीर अवस्था में उपचार हेतु छुरिया चिकित्सालय ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। इधर इस घटना की जानकारी जैसे ही आसपास व ग्रामीणों को हुई गांव में सनसनी फैल गई थी। घटना की सूचना पर पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई। पुलिस ने इस मामले में आरोपी को हिरासत में ले लिया है। जिससे पूछताछ की जा रही है।

# टॉप-10 में हंसराज व डिगेश्वरी ने बनाई जगह

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सेजेस सुकुलदैहान कक्षा 10वीं अंग्रेजी माध्यम में अध्ययनरत हंसराज बघेल ने 95.67 प्रतिशत अंक के साथ जिले में छठवां एवं शाला में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इसी प्रकार श्रद्धा देशलहरे ने 91.8 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय एवं रेशमा साहू ने 91 प्रतिशत अंक के साथ शाला में तृतीय स्थान प्राप्त किया है। कक्षा 10वीं हिंदी माध्यम में निखिल कुमार ने 94.50 प्रतिशत अंक के साथ शाला में प्रथम, समीर देवांगन ने 83.33 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय एवं चंचल वर्मा ने 82.17 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया है।

कक्षा 12वीं अंग्रेजी माध्यम में डिगेश्वरी साहू ने 91.80 प्रतिशत अंक के साथ जिले में छठवां एवं शाला में प्रथम स्थान प्राप्त किया। निहारिका सूर्यवंशी 90.6 प्रतिशत



अंक के साथ द्वितीय, तुषार वर्मा 87 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा 12वीं हिन्दी माध्यम में भुवनेश्वरी वर्मा 89.8 प्रतिशत अंक के साथ शाला में प्रथम, राधिका खरे 87.60 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय एवं कुमकुम देवांगन 87.20 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया है। शाला प्राचार्य डॉ. सजीला झा, बोर्ड परीक्षा प्रभारी उदितराम देशलहरे, शशीबाला शर्मा एवं शिक्षकों ने विद्यार्थियों के सफलता पर हर्ष व्यक्त करते शुभकामनाएं दी।

# प्रदेश के शिक्षकों के बीच खुशी की लहर

**राजनांदगांव।** सोना साहू को क्रमोन्नति वेतनमान एरियर्स राशि पंचायत व शिक्षा विभाग द्वारा दिए जाने की सूचना विभाग द्वारा न्यायालय को दिया गया। जिससे प्रदेश के शिक्षकों के बीच खुशी की लहर दौड़ गई। इस पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते नवीन शिक्षक संघ राजनांदगांव के जिलाध्यक्ष छन्नुलाल साहू ने सोना साहू समेत समस्त शिक्षक एलबी संवर्ग को बधाई देते इस जीत को ऐतिहासिक जीत बताया है। यह जीत विभाग की हठधार्मिता के खिलाफ बहुत बड़ी जीत है।



सोना साहू के न्यायालय से जीत और विभाग द्वारा समस्त एरियर्स राशि क्रमोन्नति के भुगतान करने की जानकारी देने के बाद अब जल्द ही सोना साहू के केस का अध्ययन कर नवीन शिक्षक संघ द्वारा सभी पात्र शिक्षक एलबी संवर्ग के लिए क्रमोन्नति वेतनमान एरियर्स सहित भुगतान के लिए जनरल आदेश जारी करने की मांग किया जाएगा। जिससे किसी भी शिक्षक एलबी संवर्ग के साथियों को न्यायालय के चक्कर लगाने की जरूरत न पड़े।

नवीन शिक्षक संघ ने पंचायत व शिक्षा विभाग से अपील किया है कि सोना साहू केस से सबक लेकर अब शिक्षक एलबी संवर्ग के क्रमोन्नति वेतनमान के अधिकार से शिक्षक एलबी संवर्ग को वंचित करने स्थान पर जल्द ही जनरल आदेश जारी कर दिया जाए। नवीन शिक्षक संघ राजनांदगांव के सचिव अजय कड़व एवं समस्त पदाधिकारियों ने सोना साहू सहित समस्त शिक्षक एलबी संवर्ग को ऐतिहासिक विजय पर बधाई दिया है।

जिलाध्यक्ष छन्नूलाल साहू ने बताया कि शासकीय नियम में एक ही पद पर 10 वर्ष तक कार्य करने पर क्रमोन्नत वेतनमान का लाभ दिया जाता है, पर शिक्षाकर्मियों को विभाग के अधिकारियों द्वारा लगातार गुमराह किया गया और उनके अधिकार से वंचित कर दिया गया था, परंतु छत्तीसगढ़ के हाईकोर्ट और देश के सुप्रीम कोर्ट ने शिक्षाकर्मी सोना साहू के पक्ष में फैसला दिया है।

# महाराणा प्रताप जन्मोत्सव पर सर्व राजपूत समाज ने दिखाई एकता



**राजनांदगांव।** वीर शिरोमणि मेवाड़ मुकुट महाराणा प्रताप का जन्मोत्सव राजपूत समाज में धूमधाम से मनाया गया। शीतला मंदिर प्रांगण से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें समाज के विभिन्न संगठनों ने हिस्सा लिया। पहली बार छत्तीसगढ़ राजपूत महासभा और छत्तीसगढ़ राजपूत समाज रहटादाह 1282 ने एकजुट होकर रैली में भाग लिया। जिससे समाज में एकता का मजबूत संदेश गया। शहर के शीतला मंदिर प्रांगण से राजपूत समाज ने शोभायात्रा निकाली। इस दौरान राजपूती शान और परंपरा का प्रदर्शन करते युवाओं ने तलवारबाजी और अन्य कलाबाजियां दिखाकर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। रैली मानव मंदिर चौक पहुंची, जहां पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन हमें सिखाता है कि विपरीत परिस्थितियों में भी हार नहीं माननी चाहिए। राजपूत समाज हमेशा से देश और धर्म की रक्षा के लिए अग्रणी रहा है। रैली में जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह क्षत्रिय, करणी सेना प्रदेश उपाध्यक्ष संजय बहादुर सिंह, रघुनंदन सिंह ठाकुर, देवेंद्र बैस, मोनू ठाकुर, विवेक राजपूत, युवा अध्यक्ष गोल्डी भदौरिया, आरएन सिंह, दीपेश सिंह, कपिल सिंह चौहान, अजय कुशवाहा, अमन बहादुर सिंह, अभिनव सिंह, चंदन सिंह, भवानी बहादुर सिंह, प्रिंस सिंह, संतोष सिंह, भानु ठाकुर, सौरभ चौहान, वतन सिंह, आशुतोष सिंह, रवि राजपूत, यशवंत राजपूत और समस्त युवा मंडल शामिल थे। महिला मंडल की ओर से शशि चौहान अध्यक्ष, माधुरी ठाकुर सचिव, छाया ठाकुर, किर्ति विनोद, सत्या सिंह, सुशीला सिंह, सुरेखा सिंह ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई।






## गांव-गांव में जल बचाने का दे रहे संदेश

# भरी गर्मी में निकल रही जल यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव




महिलाएं निकल पड़ी है, जल बचाने का संदेश देने। भरी गर्मी में जल यात्रा गली-गली में जल का संदेश की तख्ती लिए, साथ ही संदेश का नारा बोलते हुए लोगों को जागरूक कर रही है।

बुधवार को आरगांव, गिरगांव, तुमड़ीबोड के सरपंचों और जनपद सदस्य की उपस्थिति में पद्मश्री फुलबासन यादव, हरियाली बाहिनी अभियान प्रमुख शिवकुमार देवांगन द्वारा हरियाली बाहिनी नीर और नारी जल यात्रा के उद्देश्य लेकर ग्रामीण तक पहुंच रहे हैं। 3 गांव में जल यात्रा करते जल बचाने महिलाओं को आगे आने प्रेरित करते यात्रा कर रही है। महिलाएं भरी दोपहर घर में आराम न करते गर्मी में जल यात्रा कर रही है।

कार्यक्रम को संबोधित करते फुलबासन ने कहा कि पूर्वजनों ने धन-दौलत, जमीन जायदाद नहीं बनाया, लेकिन आने वाले पीढ़ियों के लिए पेड़ लगाए, जिसमें आक्सीजन ले रहे हैं, पानी के लिए स्वयं श्रमदान से बड़े-बड़े तालाब बनाए हैं। जिसमें आज भी पानी है, जो सिंचाई और नहाने में काम आ रहा। जिसके कारण आज हम जीवित हैं।

शिव कुमार देवांगन ने बताया कि पेड़ को भोजन के लिए, फर्नीचर, देह संस्कार के लिए कटाई धुंआधार कर रहे। इसके साथ ही पेड़ में मिट्टी का कटाव के चलते पेड़ को भारी नुकसान हो रहा है। इसकी भरपाई मात्रा 10 प्रतिशत पौधा लगाकर बचा रहे हैं। इस कार्यक्रम में हरियाली बाहिनी जनिया साहू, जागेश्वर यदु, जानकी, मां बम्लेश्वरी समूह, बिहान समूह, केडर, ग्राम पंचायत पदाधिकारी, ग्रामवासीगण उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### छात्रा रीना साहू 90.4 प्रतिशत अंक से उत्तीर्ण



**हरिभूमि पंडरिया।** माध्यमिक शिक्षा मंडल छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा विगत दिनों परीक्षा परिणाम घोषित की गई। जिसमें नगर पंचायत पंडरिया में संचालित हॉयर सेकेंण्डरी सरस्वती शिशु मंदिर की छात्रा रीना साहू 90.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल व ग्राम बैरागपारा को गौरवांवित किया। जिस पर माता-पिता श्रीमती सरिता वीरेंद्र साहू व परिजनों मे भारी उत्साह का माहौल है। छात्रा रीना साहू के 90.4 प्रतिशत अंक के साथ उत्तीर्ण होने पर प्राचार्य व शिक्षक शिक्षिकाओं ने बधाई व उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

### छात्रा योगेश्वरी चंद्रवंशी कक्षा दसवीं में 93 प्रतिशत के साथ की उत्तीर्ण



**हरिभूमि कोलेगांव।** माध्यमिक शिक्षा मंडल छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा विगत दिनों परीक्षा परिणाम घोषित की गई। जिसमें लिटिल स्टार मॉडर्न इंग्लिश पब्लिक स्कूल रैतापारा कक्षा दसवी की छात्रा योगेश्वरी चंद्रवंशी 93 प्रतिशत अंक के साथ उत्तीर्ण हुए। जिस पर प्राचार्य व शिक्षक शिक्षिकाओं ने बधाई व उज्वल भविष्य की कामना की गई। छात्रा योगेश्वरी चंद्रवंशी 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल एवं अपने माता-पिता का नाम रौशन किया। जिससे परिजनों व आसपास के क्षेत्र गणमान्य नागरिकों के बधाई प्रेषित की।

## बाजार, मंडी परिसर एवं मार्गों की सफाई

# नगर की स्वच्छता के लिए सड़क पर आई शहर सरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी

स्वच्छ भारत मिशत के तहत नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के लिए निकाय सप्ताह में एक दिन श्रमदान अभियान चला रहा है। मुहिम में स्थानीय निवासियो को जोड़कर नगर में स्वच्छता के प्रति माहौल तैयार करते हुए जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस मुहिम में नगरवासी भी स्वप्रेरित होकर जुड़ने लगे हैं।

स्थानीय नगर पंचायत में नवीन परिषद के काबिज होने के बाद नगर को स्वच्छ तथा सुविधापूर्ण बनाने की दिशा में काम किया जा रहा है। स्वच्छता मिशन के पहले चरण में नगर में जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। मुहिम से नगरवासियों को जोड़ने के लिए सप्ताह में एक दिन अधिकारी कर्मचारियों के साथ साथ मुख्य मार्गों, चौक चौराहों में सफाई अभियान चलाया जा रहा है। मुहिम की अगुवाई अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी कर रहे है। नगर अध्यक्ष के आगे आने के बाद नपं का अमला भी स्वःफूर्त होकर आगे आ रहा है। नगर अध्यक्ष ने बताया कि प्रत्येक सप्ताह में शनिवार या रविवार को स्वच्छता श्रमदान की योजना बनाई गई है। पहले चरण में मुख्य मार्गों, सडकों, गलियों और चौक चौराहों में स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। वार्डों में षिविर लगाकर सफाई किया जाएगा। बीते शनिवार को बस स्टैंड से डॉ आम्बेडकर चौक, गुप्ता चौक, बजरंग चौक, सुभाष चौक, गांधी चौक, पटेल पारा, लिंक कोर्ट सहित आसपास सफाई की गई। इस मुहिम में उपयंत्री हरीशंकर वर्मा, उपाध्यक्ष पवन गुप्ता, पार्षद दिलीप कुंभकार, उमा निषाद, विनोद डेहरिया, शंकर निषाद, रिनी पारेटी, रेहाना बेगम, शोभा भोयर, मोंटी खंडेलवाल, तिलक यादव, जलील अहमद रब्बानी, रामकुमार देवांगन, लोकेश सलामे, सिद्धार्थ देवांगन सहित अन्य शामिल हुए।



#### फोटोग्राफी नहीं जमीन में काम करके दिखाए

महिने भर से चलाए जा रहे स्वच्छता श्रमदान अभियान को लेकर नगर अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने कहा की यह अभियान फोटोग्राफी व सेल्फी से नही चलेगा। इसे लिए जमीन में काम करके दिखाना पडेगा। नगर अध्यक्ष ने कहा की कुछ लोग केवल झाडू पकडकर फोटो खिचाते है और समय गुजार कर निकाल जाते है। वे सभी के काम पर बारिकी से नजर रख रहे है। इसलिए वे सभी को निर्देष दे रहे है की अब अपनी कार्यप्रणाली सुधार ले और हकीकत में काम करके दिखाए। अन्यथा कार्रवाई के लिए तैयार रहे।

#### बाजार से एनीकट जाने वाले मार्ग में नाली बनाए

बाजार चौक से एनीकट जाने वाले मार्ग में आस पास के निवासियो के घरो का निस्तार का गंदा पानी सडक में बह रहा है। सडक में घरो का गंदा पानी बहने से यात्रियो व नागरिको को काफी परेषानियो का सामना करना पड रहा है। इस इलाके के निवासियो ने नगर अध्यक्ष से भेटकर नाली निर्माण की मांग रखी। नगर अध्यक्ष ने सडक की स्थितियो को देखते हुए सीएमओ व उपयंत्री को निर्देष दिया की इस मार्ग में जल्द से जल्द नाली का निर्माण कराया जाए। अभी फंड नही है तो कच्ची नाली निकाली जाए। यदि लोग जगह नही देते है तो नोटिस जारी कर चबूतरा तोडे पर अनिवार्य रूप से नाली बनाए। नगर अध्यक्ष ने कहा की सडक के साथ साथ हर स्थान पर नाली बनाया जाना आवष्यक है। यदि नाली नही बनेगा तो सडक में घरो का गंदा पानी आएगा। इसलिए हर स्थान में सडक से पहले नाली बनाया जाना आवष्यक है।

#### बाजार और मंडी में अभियान

स्वच्छता श्रमदान अभियान के तहत साप्ताहिक बाजार एवं कृषि उपज मंडी परिसर में सफाई की गई। अगले चरण में मटन मार्केट में अभियान चलाया जाएगा। बाजार व मंडी क्षेत्र में जगह जगह कचरे का ढेर मिला। नगर अध्यक्ष ने खड़े होकर बाजार के चबूतरा की सफाई कराया एवं कचरे के ढेर को उठवाया। इसके बाद खरपतवार की कटाई एवं नालियों की सफाई कराया गया।

#### शौचालय में गंदगी देखकर भड़के अध्यक्ष

नगर अध्यक्ष मानिकपुरी ने जब बाजार स्थित सार्वजनिक शौचालय का निरीक्षण किया तो गंदगी देखने मिला। शौचालय की टाइल्स व फ्लोरिंग उखडा मिला। वेस्ट पाईप टूटा मिला। गंदे पानी का जमाव मिला। अध्यक्ष ने नाराजगी जाहिर करते हुए सीएमओ को तीन दिवस के अंदर दुरूस्त कराने कहा।



## पाण्डातराई में आज मनाया जाएगा 73 वां उर्स पाक

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाण्डातराई

नगर पंचायत पाण्डातराई में हजरत बाबा सैयद शेरशाह वली रहमत अलैह का 73 वां उर्स पाक पाण्डातराई में सोमवार को रात 10 बजे से कव्वाली का शानदार प्रोग्राम होगा, जिसमें इंटरनेशनल कव्वाल राहत चिश्ती गुजरात से एवं इंटरनेशनल कव्वाल सना जा बाज मुम्बई द्वारा शानदार प्रस्तुति दिया जाएगा।

नगर पंचायत पाण्डातराई में प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी बाबा सैयद शेर शाह वली रहमतउल्लाह के आस्ताने औलिया लगने वाला उर्स सोमवार 12 मई को है, नगर में एकता की पहचान इस आयोजन में शामिल होने बाबा के चाहने वाले बड़ी दूर-दूर से अपने अकीदत के चादर फूल पेश करने पहुंचते है, वहीं रात में जहां मेला लगता है वही कव्वाली की महफिल भी सजती है।

इस वर्ष कव्वाली की महफिल सजाने गुजरात के प्रसिद्ध कव्वाल राहत चिस्ती एवं मुंबई की मशहूर कव्वाला शना जा बाज आ रहे है,आयोजक कमेटी और नगरवासियो ने अपील की है की नगर में लगातार 73 वर्ष से होते आ रहे इस आयोजन में शामिल होकर बाबा शेर शाह रहमतुल्ला के अस्ताने से फैज ले साथ ही शास्त्री संगीत के एक रूप कव्वाली के प्रोग्राम का मजा ले साथ ही शांति सद्भावना के साथ सहयोग कर आयोजन को सफल बनाएं।

## कुण्डा में पंचायत कप रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ आज से



**हरिभूमि कुण्डा।** पंडरिया विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत कुण्डा में 12 मई से रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता पंचायत कप का आयोजन होने जा रहा है। आयोजन समिति से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत कुण्डा के सहयोग से पंचायत कप क्रिकेट प्रतियोगिता 12 मई से प्रारंभ होगी। इस रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 31000 रूपए एवं कप सरपंच हरेंद्र चंद्राकर द्वारा विजयी टीम को प्रदान किया जाएगा वहीं द्वितीय पुरस्कार 15000 रुपए एवं कप उपसरपंच मुमताज अहमद, मैन आफ दी सीरीज 2501 रूपए एवं कप पूर्व सरपंच स्व. संतोष मेहरा के स्मृति संजू मेहरा द्वारा, फाइनल मैच मेन ऑफ द मैच 1500 रुपए रुकसाना बेगम पंच, हैट्रिक छक्का 301 रुपए कांति-आनंद परवाना, हैट्रिक विकेट पर 251 रुपए साहेब लाल सोनवानी, हैट्रिक चौका पर 251 रुपए गणेश सोलंकी पंच व शतक पर 501 रुपय राज मोबाइल कुण्डा तथा अर्ध शतक पर 201 रुपए अमित द्वारा पुरस्कार किया जाएगा। इस क्रिकेट प्रतियोगिता में अधिक से अधिक बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने व कार्यक्रम को सफल बनाने अपील की गई।

## क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया मातृ दिवस



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

शहर व क्षेत्र में धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मातृ दिवस मनाया गया। इस दुनिया के हर रिश्ते में सबसे बड़ा दर्जा मां को दिया जाता है। मां और उसकी संतान का रिश्ता सबसे गहन और अनूठा होता है। हर हाल मे अपनी संतान का सुख, उसका हित और उसकी खुशी की कामना करने वाली मां की छवि की उदारता असीम होती है। आज मातृ दिवस दो शब्दों से मिलकर बना है जिसमें मातृ का अर्थ है मां और दिवस यानि दिन, इस तरह से मातृ दिवस का मतलब होता है मां का दिन। पूरी दुनिया में मई माह के दूसरे रविवार को मातृ दिवस मनाया जाता है। मातृ दिवस मनाने का प्रमुख उद्देश्य मां के प्रति सम्मान और प्रेम को प्रदर्शित करना है। हर जगह मातृ दिवस मनाने का तरीका अलग-अलग होता है, लेकिन इसका उद्देश्य एक ही होता है। ईश्वर हर जगह नहीं हो सकता, इसलिए उसने मां बनाई। यह कहावत मां के महत्व को दर्शाने के लिए पर्याप्त है। मां का स्थान दुनिया में सबसे ऊंचा होता है उसका स्नेह, त्याग और सहनशीलता उसे विशेष बनाती है। मां हमारे जीवन की आधारशिला होती है वह हमारे जीवन की पहली गुरु होती है, जो हमें चलना, बोलना, सोच-समझकर निर्णय लेना सिखाती है। मां निःस्वार्थ प्रेम का सर्वोत्तम उदाहरण है। वह अपने बच्चों के लिए हर कठिनाई सहन करती है, परंतु कभी शिकायत नहीं करती। मातृ दिवस हमें यह सिखाता है कि मां केवल जन्म देने वाली नहीं, बल्कि एक संपूर्ण शिक्षिका, मार्गदर्शक और संरक्षक होती है। हमें मां का आदर सिर्फ एक दिन नहीं, हर दिन करना चाहिए। मां को दिए गए प्रेम और सम्मान से बड़ा कोई उपहार नहीं होता।

## पीएम आवास योजना लाभ मिलने से हितग्राहियों में उत्साह

- गरीब व मजदूर परिवार को गर्मी और बरसात से मिलेगी राहत व निजात।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर

केंद्र सरकार की महत्वकांक्षी योजना प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ क्षेत्र के गरीब व मजदूर परिवार को मिलने लगा है जिससे ग्रामीण गरीब व मजदूर हितग्राहियों के चेहरे खुशी से खिल उठें है। वहीं हितग्राही पक्का मकान बनाने के लिए खपरैल व बासं-बल्ली झोपड़ी नुमा घर को निकालने में जुटे हुए है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम बीजाझोरी, राम्हेपुर कला, चंडालपुर, हरिनछपरा, दौजरी, जेवड़न खुर्द, सारंगपुर खुर्द, डबराभाट, बरबसपुर व घुकसा क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत गरीब व मजदूर हितग्राहियों को पक्का आवास मिलने से भारी खुशी का माहौल बना हुआ है। वहीं ग्रामीण कच्चा मकान को तोड़-फोड़ कर पक्का मकान पीएम आवास बनाने तैयारियों जोरो से किया जा रहा है। ग्राम पंचायत जेवड़न खुर्द निवासी बलुक चंद्रवंशी ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना कि प्रथम किस्त 40 हजार रूपए बैंक खाते में आने के बाद समतलीकरण कर व प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए नीवं रखी जाएगी और जल्द से जल्द पीएम आवास बनाकर तैयार करेंगे ताकि बरसात और गर्मी के समय में राहत मिल सके। ग्राम पंचायत जेवड़न खुर्द सरपंच अमित चंद्रवंशी ने बताया कि वर्तमान में 53 प्रधानमंत्री आवास निर्माण के लिए स्वीकृत हुआ है। जिस पर क्षेत्र के गरीब व मजदूर परिवार ने केंद्र और राज्य के भाजपा की सरकार का आभार व्यक्त किया।



## वेदान्त शर्मा ने अमेजन प्राइम के नए वेब सीरीज ग्राम चिकित्सालय में किया अभिनय

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कवर्धा के एक प्रसिद्ध पत्रकार वेदान्त शर्मा ने हाल ही में अमेजन प्राइम की नई वेब सीरीज ग्राम चिकित्सालय में अभिनय करते नजर आ रहे हैं। यह उनके करियर का एक नया आयाम है, जहां वे अपनी पत्रकारिता के साथ-साथ अभिनय कौशल का भी प्रदर्शन कर रहे हैं। वेदान्त शर्मा की पृष्ठभूमि इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पत्रकारिता में रही है और वे कवर्धा जिले में अपनी सक्रियता, रिपोर्टिंग के लिए जाने जाते हैं। अब वे वेब सीरीज में अभिनय करके अपने प्रशंसकों के लिए एक अलग ही रूप में सामने आ रहे हैं। यह पहली बार नहीं है जब वेदान्त शर्मा पर्दे पर दिखाई दे रहे हैं।



इससे पहले भी वे कई भारतीय टेलीविजन सीरियल्स में कैमियो कर चुके हैं और अब अमेजन प्राइम पर रिलीज हुए नई वेब सीरीज ग्राम चिकित्सालय में उनकी भूमिका को देखकर लगता है कि वे इस क्षेत्र में और भी सक्रिय हो सकते हैं। श्री शर्मा की इस नई पहल को देखकर उनके प्रशंसकों में उत्साह है और वे उनकी आगामी परियोजनाओं का इंतजार कर रहे हैं।

## आंगनबाड़ी भवन वर्षो से शोपीस व अनुपयोगी

- नन्हे मुन्हे बच्चे शिक्षा से दूर, जिम्मेदार बेपरवाह।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर

जिला मुख्यालय से लगभग 10 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम दौजरी में शासन प्रशासन द्वारा लागत राशि 8 लाख रूपए की स्वीकृति से नवनिर्मित आंगनबाड़ी भवन का निर्माण कार्य 2022-23 में बनकर तैयार किया गया, ताकि ग्राम दौजरी के नन्हे मुन्हे नौनिहाल बच्चों को आंगनबॉड़ी केंद्र में शिक्षा ग्रहण कर व लाभ मिल सकें। लेकिन जिम्मेदारों की भारी अनदेखी के कारण नवनिर्मित आंगनबॉड़ी भवन अनुपयोगी व शोपीस की तरह है। वहीं ग्रामीण संजय यादव व कैलाश यादव ने बताया कि आंगनबॉड़ी केंद्र में छोटे-छोटे बच्चे शिक्षा ग्रहण नहीं कर पा रहे है वहीं वर्षो से आंगनबॉड़ी केंद्र अनुपयोगी साबित हो रही है। जिस पर शासन प्रशासन व जिम्मेदारों को इस ओर ध्यान देने तथा साफ-सफाई कर आंगनबॉड़ी केन्द्र को संचालित कराने की अपील की गई ताकि नौनिहाल बच्चे शिक्षा ग्रहण कर सकें।




### आबकारी विभाग कबीरधाम की अवैध मदिरा के विरूद्ध कार्यवाही

**हरिभूमि कवर्धा।** अवैध शराब के खिलाफ अभियान के तहत सचिव रजत बंसल एवं आबकारी आयुक्त सह प्रबंध संचालक सीएसएमसीएल श्याम लाल धावड़े एवं कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देशानुसार तथा उपायुक्त आबकारी अनिमेष नेताम व जिला आबकारी अधिकारी अजय सिंह धुर्वे के मार्गदर्शन में अवैध शराब के परिवहन-धारण के विरूद्ध रविवार को आबकारी वृत्त कवर्धा अंतर्गत बोधाईकुंडा में गश्त के दौरान अवैध शराब विक्रय एवं धारण की आकस्मिक मुखबिर सूचना पर आरोपी राकेश लांझी पिता मिलन राम निवासी पर दबिश दी गई। वहीं विधिवत तलाशी लेने पर आरोपी के मकान से कुल 35 नग पाव देशी मदिरा प्लेन शराब बरामद हुई एवं उक्त आरोपी के विरूद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम वर्ष 1915 यथा संशोधित की धारा 34 (1) क, 34 (2), 59 (क) के तहत प्रकरण कायम कर जेल भेजा गया।

## जरूरत मंद लोगों के लिए रेडक्रॉस आशा की किरणः मनीषा साहू




**हरिभूमि कवर्धा।** कलेक्टर गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन पर जिले के अनेक महाविद्यालय और शालाओं में विश्व रेडक्रॉस दिवस पर विविध कार्यक्रम आयोजन कर मनाया गया। शासकीय राजमाता विजिया राजे सिंधिया कन्या महाविद्यालय कवर्धा में विश्व रेडक्रॉस दिवस पर संगोष्टी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि डॉ सियाराम साहू चेयरमेन रेडक्रॉस सोसायटी, अध्यक्षता श्रीमती मनीषा अनिल साहू अध्यक्ष महाविद्यालय जनभागीदारी समिति, विशिष्ट अतिथि बालाराम साहू राज्य रेडक्रॉस प्रतिनिधि, डॉ के तिग्गा प्राचार्य, श्रीमती प्रीति सिंह परिहार गुप्ता कार्यक्रम प्रभारी के आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती के तैलचित्र एवं हेनरी ड्यूनेन्ट के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित किया गया। तत्पश्यात महाविद्यालय के छात्राओं द्वारा स्वागत किया। कार्यक्रम में मनीषा साहू ने कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हर वर्ष 8 मई को विश्व रेडक्रॉस दिवस मनाया जाता है। यह दिन सेवा समर्पण और सहानुभूति का प्रतीक माना गया है। विश्व रेडक्रॉस दिवस केवल आयोजयन नही है, बल्कि मानवता की सेवा का वह भावना है जो किसी धर्म, जाति और राजनीति से परे है। आईये हम सब मिलकर इस परंपरा को आगे बढाये और जरूरत मंद के लिए आशा की किरण बनें। रेडक्रॉस कार्यो को जन जन तक पहुंचाने कॉलेज व स्कूल के छात्रों को अधिक से अधिक जोडने की बात कही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ सियाराम साहू ने कहा कि यह संस्था लोगों को रक्तदान की प्रेरणा देती है, ताकि लोग अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान करें। यह दिन उस महान व्यक्तित्व हेनरी ड्यूनेन्ट को समर्पित है जिनका जन्म 8 मइ को हुआ था। उन्होन रेडक्रॉस की स्थापना कर मानव सेवा के लिए एक ऐसा मार्ग प्रशस्त किया है जो अनगिनत जिंदगी को नई उम्मीद और राहत देती है। सभी रेडक्रॉस वालिंटियर्स को प्राथमिक चिकित्सा की प्रशिक्षण देकर रोड साइड एक्सीडेंट एवं अन्य दुर्घटना के समय सहायता के लिए तैयार किया जाएं। आपातकालीन सेवा, आपदा प्रबंधन मेंरेड क्रॉस सोसायटी की प्रमुख योगदान है जिसे भुलाया नहीं जा सकता। कार्यक्रम में यूथ रेडक्रॉस तथा एनएसएस के छात्रों द्वारा व्याख्यान दिया गया है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ बीरेन्द्र जागडे, डॉ अगरदास बघेल, डॉ एसआर टंडन, डॉ मौसमी कुलमित्र, वैभव गुप्ता निकिता देशमुख, महाविद्यालय की छात्राएं उषा साहू, प्रियंका कुर्रे, देवेश्वरी साहू उपस्थिति थें।

### पंडरिया शक्कर कारखाना निजीकरण के मामले में स्पष्टीकरण कि आवश्यकता

## गन्ना किसानों की दुविधा दूर करे विधायकः रवि चन्द्रवंशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पंडरिया



पंडरिया सहित पूरे जिले में लगभग 80 प्रतिशत किसान भाई गन्ने की खेती करते है जिनके लिए जिले में दो शक्कर कारखाना संचालित है, जहां किसान अपना फसल अधिक से अधिक दाम पर बेच कर, लाभांश राशि और सरकार से मिलने वाली बोनस राशि से अन्य फसल के अपेक्षाकृत अत्यधिक कमाई करते है। परंतु कुछ दिनों से पंडरिया स्थित शक्कर कारखाना को नुकसान में बताकर किसानों को भुगतान में हो रही समस्याओं के चलते कारखाना को निजी कंपनी को देने की अफवाह चल रही है, जिसके विरोध में लगातार कारखाना की कर्मचारियों, किसानों के द्वारा निजीकरण के विरोध में आवाज उठाई जा रही है। जिस पर किसान नेता रवि चन्द्रवंशी ने निजीकरण के मामले पर स्थानीय पंडरिया विधायक से निजीकरण के मामले पर स्पष्टीकरण देने की मांग करते हुए कहा कि आज की परिस्थिति में कारखाना के निजीकरण होने की बात चलने से लगभग 7000 शेयरधारी किसान चिंतित नजर आ रहे है किसानों को अंदेशा हो रहा है कि यदि कारखाना निजी हाथो में चला गया तो किसान भाईयो को काफी नुकसान होगा। इसलिए पंडरिया विधायक की छोटी छोटी बातो पर प्रेस विज्ञप्ति या वीडियो संदेश देती रहती है उनको इस बड़े मामले पर किसानों को आश्ववत करना चाहिए कि कारखाना के निजीकरण की प्रक्रिया पूर्णतः असत्य है, परंतु ऐसा न करने के कारण किसानों की चिन्ताएं बढ़ना स्वाभाविक है। उन्होने ने कहा कि कारखाना प्रबंधन एक ओर पिछले छः माह से किसानों को भुगतान नहीं कर पाई है कही यह निजीकरण की दिशा में प्रबंधन और प्रशासन की मिली-भगत तो नहीं की किसानों को भुगतान के न कर परेशान किया जाए। जिससे की निजीकरण का रास्ता आसान हो। श्री चन्द्रवंशी ने कहा कि यह फैक्ट्री क्षेत्र के उन्नति का प्रतीक है इसे हम किसान किसी भी कीमत पर निजी हाथो में नहीं जाने देगें जरूरत पड़ने पर किसानों के साथ मिलकर कांग्रेस पार्टी उग्र प्रदर्शन करेगी।



**खबर संक्षेप**

## मोबाइल हेल्थ पैथ लैब से निःशुल्क जांच

**कवर्धा।** विधानसभा पंडरिया क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम अगरीकला में आयोजित स्वास्थ्य जांच कैम्प में पंडरिया विधायक भावना बोहरा द्वारा संचालित निःशुल्क मोबाइल हेल्थ पैथ लैब के माध्यम से 100 से अधिक ग्रामवासियों ने अपना निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कराया। इस मोबाइल हेल्थ पैथ लैब के माध्यम से पंडरिया विधानसभा सहित जिले के आसपास के क्षेत्रों में ग्रामवासियों को इसका लाभ मिल रहा है। निःशुल्क अपना स्वास्थ्य परीक्षण करा रहे हैं। इस हेल्थ लैब में 20 से अधिक प्रकार के गंभीर और सामान्य परीक्षण की सुविधा उपलब्ध है। जिसका लाभ क्षेत्रवासियों को मिला।

# जल संरक्षण व किसानों की खुशहाली की ओर बढ़ रहा कदम, तेजी से हो रहा जगमड़वा जलाशय का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कबीरधाम जिले के सहसपुर लोहारा क्षेत्र में किसानों की बहुप्रतीक्षित उम्मीदों को अब आकार मिलता दिखाई दे रहा है। यहां जगमड़वा जलाशय योजना का निर्माण कार्य तेजी से प्रगति पर है, जो न केवल हजारों किसानों को सिंचाई सुविधा प्रदान करेगा, बल्कि जल संरक्षण के क्षेत्र में भी मील का पत्थर साबित होगा।

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आज इन निर्माणाधीन जलाशय का स्थलीय निरीक्षण किया और अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि कार्य की गुणवत्ता और समय सीमा से कोई समझौता न हो। उन्होंने जल संसाधन विभाग के अधिकारियों, तकनीकी विशेषज्ञों और निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधियों के साथ गहन समीक्षा करते हुए यह भी कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने निर्माण कार्य में गति लाने और संसाधनों को बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बांध निर्माण कार्य किसी भी स्थिति में नहीं रुकना चाहिए। सभी अधिकारी नियमित रूप से निरीक्षण करें और निर्माण कार्य की सतत मॉनिटरिंग की जाए। उन्होंने कहा कि यह जलाशय परियोजना क्षेत्र की कृषि अर्थव्यवस्था को मजबूती देने में अहम भूमिका निभाएगी। इससे न केवल सिंचाई सुविधा का विस्तार होगा, बल्कि भू-जल स्तर में भी सुधार आएगा। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने जोर देकर कहा कि सरकार की प्राथमिकता ग्रामीण और कृषि क्षेत्रों को सशक्त बनाना है, और इस तरह की परियोजनाएं उसी दिशा में एक ठोस कदम हैं। उन्होंने कहा कि यह परियोजना केवल एक बांध निर्माण का कार्य नहीं, बल्कि हजारों किसानों की आशाओं और आकांक्षाओं को साकार करने का प्रयास है। वर्षों तक संघर्ष करने के बाद अब जब यह सपना पूरा हो रहा है, तो हमें इसकी गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं करना चाहिए। उल्लेखनीय है कि जगमड़वा जलाशय योजना का शीर्ष कार्यस्थल ग्राम-बोदलपानी, विकासखण्ड सहसपुर लोहारा, विधानसभा क्षेत्र कवर्धा, जिला-कबीरधाम में स्थित है। जिससे ग्राम जगमड़वा के समीप नदी पर पिकअप वियर निर्माण कर बांयी तट नहर एवं दांयी तट नहर के द्वारा अंतिम ग्रामों तक सिंचाई सुविधा प्रदान की जाएगी। जगमड़वा जलाशय की प्रशासकीय स्वीकृति 69.76 करोड़ है। मुख्य नहर से लगभग 1820 हेक्टेयर कृषि भूमि सिंचित होगी, जिससे फसल उत्पादन में वृद्धि होगी और किसानों की आय बढ़ेगी। बांध की कुल लंबाई 1070 मीटर और ऊँचाई 23.56 मीटर है। योजना के शीर्ष कार्य में कुल 120.02 हे. भूमि प्रभावित हो रही है। जल संग्रहण क्षेत्र 72.37 हेक्टेयर है। जगमड़वा जलाशय योजना के मुख्य नहर से 14 गांवों के हजारों किसानों को सीधा लाभ होगा। योजना के दाएं तट नहर जिसकी लंबाई 18.57 किलोमीटर और बायी तट नहर की लंबाई 1.95 किलोमीटर कुल मुख्य नहर की लंबाई 20.52 किलोमीटर प्रस्तावित है। यह परियोजना न केवल कृषि विकास बल्कि रोजगार, भू-जल स्तर सुधार, और ग्रामीण जीवन में सकारात्मक परिवर्तन का जरिया बनेगी। जगमड़वा जलाशय के निर्माण से ग्राम डुमरिया, बेलहरी, जगमड़वा, बानो, बासीन झोरी, लखनपुर, सिल्हाटी, लोहारा, राम्हेपुर, तिलईभाट, दलसाटोला, धनगांव, नवघटा, सबराटोला के हजारों किसानों को सीधा लाभ मिलेगा। इस योजना से न केवल खेती-किसानी का स्तर ऊंचा होगा, बल्कि रोजगार और क्षेत्रीय विकास को भी नई दिशा मिलेगी।



### सरकार और किसानों का साझा प्रयासः विजय शर्मा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सुशासन सरकार और बड़ौदा खुर्द, जगमड़वा जलाशय का निर्माण किसानों की एकजुटता और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा की दूरदर्शी नीति का नतीजा है। वर्षों तक संघर्ष करने के बाद किसानों को इस ऐतिहासिक परियोजना का लाभ मिलने जा रहा है। यह जलाशय न केवल कृषि क्षेत्र में सुधार करेगा, बल्कि जल प्रबंधन की दिशा में भी एक मिसाल बनेगा। उल्लेखनीय है कि बड़ौदा खुर्द, जगमड़वा जलाशय का निर्माण कृषि विकास, जल संरक्षण और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उप मुख्यमंत्री के नेतृत्व में निर्माण कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है और सरकार इस परियोजना को समय पर पूरा करने के लिए संकल्पित है। "सिंचित खेत, खुशहाल किसान" यही इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य है, जो अब साकार होने जा रहा है। किसानों का वर्षों का सपना अब धरातल पर आकार ले रहा है, जिससे कबीरधाम जिले की कृषि अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयां मिलेंगी।

**अभियान:** धरपकड़ के लिए जिलेभर में चलेगा सघन अभियान, गठित की गई विशेष टास्क फोर्स

# कबीरधाम जिले में बंगलादेशी व अवैध घुसपैठियों पर चलेगा पुलिस का डंडा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कबीरधाम जिले में अवैध रूप से रह रहे बंगलादेशी घुसपैठियों, अवैध रूप से निवास कर रहे अप्रवासियों तथा बिना वैध दस्तावेजों के रहने वाले अनाधिकृत व्यक्तियों के खिलाफ अब पुलिस की सख्त कार्रवाई शुरू होने जा रही है। उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा के निर्देशानुसार जिले में विशेष टास्क फोर्स (एसटीएफ) का गठन किया है। यह टीम जिले में व्यापक जांच अभियान चलाकर अवैध प्रवासियों की पहचान कर प्रभावी कार्रवाई करेगी। इस अभियान का नेतृत्व जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र सिंह बघेल करेंगे। उनके साथ उप पुलिस अधीक्षक (अजाक) प्रतीक चतुर्वेदी को सह प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई है। जांचकर्ता अधिकारियों में निरीक्षक लालजी सिन्हा, थाना प्रभारी कवर्धा, निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला, सहायक उप निरीक्षक संजीव तिवारी, सहायक उप निरीक्षक रघुवंश पाटिल, थाना पांडातराई, सहायक उप निरीक्षक कमल वर्मा, सहायक उप निरीक्षक कौशल साहू, थाना कवर्धा, प्रधान आरक्षक चुम्मन साहू, प्रधान आरक्षक शैलेन्द्र चन्द्रवंशी, आरक्षक अमित गौतम, थाना रेंगाखार तथा आरक्षक गज्जू राजपूत को शामिल किया गया है। जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि प्रदेश में विभिन्न ठेकेदारों के माध्यम से काम कर रहे मजदूरों और कर्मचारियों का अनिवार्य सत्यापन सुनिश्चित किया जाएगा। अवैध घुसपैठियों की पहचान कर उनके खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करते हुए निर्वासन की प्रक्रिया अपनाई जाएगी।



### फर्जी आईडी बनाने वालों पर होगी कठोर कार्यवाही

जारी आदेश में एसपी धर्मेंद्र सिंह छवई ने निर्देश दिए हैं कि फर्जी राशन कार्ड, आधार कार्ड, वोटर आईडी, ड्राइविंग लाइसेंस और पैन कार्ड तैयार कराने में संलिप्त रैकेट की पहचान कर उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। दस्तावेजों के सत्यापन के लिए जिले में नियमित अभियान चलाए जाएंगे और इसकी मासिक समीक्षा कर रिपोर्ट तैयार की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिले में गहन जांच अभियान चलाकर अवैध प्रवासियों की पहचान के लिए आधुनिक और वैज्ञानिक तरीकों का भी उपयोग किया जाएगा। पुलिस की विशेष टीमें घर-घर दस्तक देकर अवैध निवासियों की जांच-पड़ताल करेंगी। पुलिस विभाग ने जिलेवासियों से अपील की है कि वे अपने आसपास अवैध रूप से रह रहे व्यक्तियों की जानकारी तुरंत नजदीकी थाना या पुलिस कंट्रोल रूम को दें, ताकि समय रहते कड़ी कार्रवाई की जा सके।

### जिले में पहले भी उठता रहा है बंगलादेशी घुसपैठियों का मुद्दा

यहां बताना लाजिमी होगा कि जिले में विशेषकर चुनाव के समय बंगलादेशी घुसपैठियों का मुद्दा उठते रहा है। इस दिशा में पूर्व में भी पुलिस प्रशासन द्वारा कुछ अभियान चलाए गए है और कार्यवाही की गई है। लेकिन अभी तक यह आंकड़ा सामने नहीं आ पाया है कि क्या वास्तव में जिले में बंगलादेशी मौजूद हैं और अगर है तो उनकी संख्या कितनी है, वे कब से जिले में रह रहे हैं और किन गतिविधियों में संलिप्त हैं। माना जा रहा है कि इस अभियान के बाद पुलिस प्रशासन जिले में बंगलादेशी घुसपैठियों का आंकड़ा लोगों के सामने रख पाएगी।

# 30 पौवा अवैध अंग्रेजी शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ स. लोहारा

कबीरधाम जिले के थाना लोहारा ने अवैध शराब की तस्करी और बिक्री पर एक बड़ी कार्रवाई की है, जिसमें पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद की। यह कार्रवाई पुलिस द्वारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत की गई, और आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जा रही है। इस संबंध में स. लोहारा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार उसे गत 10 मई की रात मुखबिर से सूचना मिली थी कि नया बस स्टैंड क्षेत्र में एक व्यक्ति मोटर साइकिल पर अवैध शराब की बिक्री करने जा रहा है। इस सूचना पर थाना प्रभारी लालमन साव के नेतृत्व में लोहारा पुलिस की एक टीम ने तुरंत कार्रवाई शुरू की। टीम ने छानबीन की और सूचना के आधार पर संदिग्ध व्यक्ति को दबोच लिया। पूछताछ के दौरान संदिग्ध ने अपनी पहचान फागु राम लोधी, पिता रामाधार लोधी, उम्र 40 वर्ष, निवासी कोटरा बुदेंली, थाना लोहारा बताया। पुलिस ने तलाशी के दौरान आरोपी के पास से एक लाल रंग की स्पलेंडर मोटर साइकिल क्रमांक सीजी 07 एलएच 7133 की पेट्रोल टंकी के ऊपर रखे सफेद रंग के प्लास्टिक थैले में 30 पौवा अंग्रेजी शराब जप्त की। बताया जाता है कि प्रत्येक पौवा में 180 एमएल शराब भरी हुई थी, पुलिस ने कुल 5.4 लीटर शराब बरामद की है जिसका बाजार मूल्य 3,600 आंका गया है। इसके अलावा आरोपी के पास 360 की बिक्री रकम भी मिली। पुलिस ने शराब तस्करी में प्रयुक्त मोटर सायकल को भी जप्त कारोपी को 34(2) आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। स. लोहारा थाना प्रभारी श्री साव ने स्पष्ट किया है कि थाना क्षेत्र में अवैध शराब, जुआ, सट्टा और अन्य अपराधिक गतिविधियों के खिलाफ निरंतर प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इसके साथ ही उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की है कि यदि किसी को अवैध गतिविधियों के बारे में जानकारी हो तो वे तुरंत पुलिस को सूचित करें।

# अमृत मिशन योजना के तहत छीरपानी जलाशय का फिल्टर पानी पहुंचेगा घरों तक



■ नगरवासियों को पेयजल की समस्या से मिलेगी मुक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बोड़ला

नगर पंचायत बोड़ला के बासिंदों का वर्षों पुरानी मांग अब पूरी हो गई है। नगरवासियों की मांग के अनुरूप छीरपानी जलाशय का पानी फिल्टर होकर बोड़ला नगर के सभी वार्डों में पहुंचाया जाएगा।

छत्तीसगढ़ शासन के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रयासों से नगर पंचायत अध्यक्ष विजय पाटिल और उनकी पूरी टीम की कड़ी मेहनत से यह कार्य सफल हो पाया है। माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में न सिर्फ नगर पंचायत बोड़ला के वार्डो में पानी की किल्लत कम होगी बल्कि लोगों को साफ और शुद्ध पेयजल भी उपलब्ध होगा।

यहां बताना लाजिमी होगा कि नगर पंचायत बोड़ला के कई वार्डो में विशेषकर ग्रीष्म ऋतु के दौरान पानी की किल्लत बढ़ जाती है और वार्डो में टेंकरों के माध्यम से पानी पहुंचाने की स्थिति निर्मित हो जाती है। जिसे देखते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा इस समस्या से क्षेत्रीय विधायक एवं प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा को अवगत कराया गया। जिसे गंभीरता से लेते हुए अब क्षेत्र के छीरपानी जलाशय से नगर तक पानी पहुंचाने और उसे फिल्टर करने की व्यवस्था की जा रही है।

इस दिशा में कार्य भी प्रारंभ कर दिया गया है और जल्द ही नगरवासियों को पानी की किल्लत से निजाद मिल जाएगी।

# छिरहा प्राचार्य डॉ. रमेश चन्द्रवंशी बेस्ट एजुकेशनिस्ट अवार्ड से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

शासकीय हाई स्कूल छिरहा के प्राचार्य डॉ. रमेश चन्द्रवंशी को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए बेस्ट एजुकेशनिस्ट अवार्ड से सम्मानित किया गया है।



यह प्रतिष्ठित पुरस्कार भारत सरकार के सिक्युरिटी एंड एक्सचेंज कमीशन, लीडरशिप इन एजुकेशन एकेदमी एंड डेवलपमेंट फिलीपींस तथा श्रीलंका के सीलोन कॉलेज ऑफ एप्लाइड स्टडीज से सम्बद्ध वर्ल्ड अगेंस्ट करप्शन पीपल कॉउंसिल पुणे द्वारा प्रदान किया गया है।

डॉ. चन्द्रवंशी को इसके पहले भी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई पुरस्कार मिल चुके हैं। इस नवीनतम उपलब्धि पर शिक्षकों, परिजनों, मित्रों और संघ पदाधिकारियों ने उन्हें बधाई दिया है। यहां बताना लाजिमी होगा कि शासकीय हाई स्कूल छिरहा में प्राचार्य के दायित्व का निर्वहन कर रहे गणित विषय के व्याख्याता व ग्राम परसवारा निवासी रमेश कुमार चन्द्रवंशी का चयन राज्यपाल पुरस्कार अर्थात राज्य शिक्षक पुरस्कार 2024 के लिए किया गया है।

इसके अलावा भी प्राचार्य श्री चन्द्रवंशी कई अन्य पुरस्कारों से पूर्व में सम्मानित किए जा चुके हैं। श्री चन्द्रवंशी शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योग्यता भी प्राप्त कर चुके है। वहीं वे शिक्षकों के एक बड़े संगठन के जिलाध्यक्ष पद का भी दायित्व लम्बे समय से निभा रहे हैं।

# लोगों पर फिर भारी पड़ने लगी भीषण गर्मी और उमस की मार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

हाल के दिनो में हुई बेमौसम बारिश और ओला वृष्टि के बाद नरम पड़ा अंचल का मौसम बादल छंटने के बाद एक बार गर्म हो गया और लोगों को भीषण गर्मी, उमस तथा गर्म हवा के थपेड़ों का सामना करना पड़ रहा है। मौसम साफ होने के बाद स्थित ये है कि सुबह से ही भगवान भास्कर अपने प्रचण्ड बेग के साथ उदय हो रहे हैं और पूरे दिन चटख धूप लोगों का दम निकाल रही है। इस भीषण तपिश के चलते दोपहर के समय पारा लगातार बढ़ रहा है। उस पर गर्म हवा के झौंके लोगों को झुलसा रहे हैं। इस तरह की मौसमी उथल पुथल और भीषण गर्मी के बीच लोगों द्वारा किए जा रहे ये उपाय उनकी सेहद पर ही भारी पड़ते दिखाई दे रहे हैं। नतीजतन प्रतिदिन दर्जनो मरीज निजी चिकित्सालय से लेकर शासकीय चिकित्सालय में अपनी पीड़ा लेकर पहुंच रहे है। भीषण गर्मी तथा उमस के बीच मौसम अस्थिर बना हुआ है। लोग इस गर्मी से राहत पाने तरह-तरह के उपाय कर रहे है। शीतल पेय, बर्फ, आईसक्रीम का बेजा उपयोग किया जा रहा है। जिसका दुष्प्रभाव सबसे अधिक बच्चों पर देखने मिल रहा है और वे सर्दी खासी, उल्टी दस्त, लू, सनपात जैसी मौसमी बिमारी के शिकार हो रहे है। वैसे इन दुष्प्रभावों से बड़े बुजुर्ग भी अछूते नहीं हैं। स्थानीय चिकित्सकों ने मौसमी बिमारी से बचने के लिए खान पान में खासी सावधानी बरतने की हिदायत दी है। साथ ही धूप में निकलने से पहले पानी पीने, कान बांधने, भूखे पेट न रहने, धूप से आकर सीधे कूलर व एसी रूम में न जाने तथा यहां से निकलकर सीधे धूप में न जाने की सलाह दी है। इसके अलावा दोपहर भोजन में कच्चा प्याज व कच्चे आम का पना, जलजीरा का सेवन प्रतिदिन करने की बात भी कही है। उन्होंने कहा कि, इन नियमों का पालन करने से गर्मी में होने वाली बिमारियों से बचा जा सकता है। साथ ही चिकित्सकों ने बिमारी की दशा में लापरवाही न बरतने की हिदायत देते हुए तत्काल उपचार कराने की सलाह दी है।



**कवर्धा नगर के दर्री तालाब में सफाई अभियान, श्रमदान से हटाया जा रहा जलकुंभी**

# श्रमदान से दर्री तालाब की सुंदरता बढेगीः चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

नगर पालिका अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश चंद्रवंशी के नेतृत्व में चल रहे स्वच्छ, सुंदर विकसित कवर्धा के संकल्प को लेकर शहर के तालाबो के संरक्षण व संवर्धन की दिशा में महत्त्वपूर्ण कदम उठाते हुए आज पांचवा पड़ाव दर्री तालाब में साफ-सफाई श्रमदान से शुरुवात किया गया। दर्री तालाब में जलकुंभी हो जाने वहां के निवास कर रहे परिवारों को सुख-दुख जैसे कार्यो के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ता है अब जल्द ही श्रमदान से तालाब का सफाई कार्य मूर्त रूप लेगा। नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने कहा कि तालाब की सफाई हेतु आज पांचवा पड़ाव दर्री तालाब में श्रमदान कर किया गया। तालाब के श्रमदान में आज जनप्रतिनिधिगण, वार्डवासी, युवाओं एवं स्काउट के छात्र-छात्राओं, रोवर रेंजर्स ने मिलकर इसमें बढ़-चढ़कर भाग लिया। तालाब में काफी मात्रा में जलकुंभी जमा हो गई थी जिससे पानी का प्रवाह रुक गया था और दुर्गंध भी फैल रही थी। सभी ने मिलकर तालाब से जलकुंभी निकाली और आसपास के कचरे को भी साफ किया। नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश ने बताया कि इस श्रमदान से न केवल तालाब की सुंदरता बढ़ेगी, बल्कि जल संरक्षण और स्वच्छता के प्रति लोगों में जागरूकता भी आयेगी। इस सामूहिक प्रयास, एकजुट होकर हम कोई भी कार्य सफलतापूर्वक कर सकते हैं। नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने बताया कि आज श्रमदान के पांचवे पड़ाव में दर्री तालाब की सफाई का बीड़ा उठाया गया है श्रमदान से तालाब में वर्षो से जमे जलकुंभी को हटाया गया। धीरे-धीरे करके सभी जलकुंभी को बाहर करके तालाब को स्वच्छ बनाया जायेगा। उन्होनें कहा कि दर्री तालाब की सफाई कार्य जब तक पूर्ण ना हो जाये तब तक अगले 4-5 रविवार तक पूर्ण रूप से सफाई कार्य श्रमदान के माध्यम से किया जायेगा।




# वीर सैनिकों के प्रति सम्मान भाव के साथ जिले में तिरंगा यात्रा निकालेगी भाजपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

देश की सीमाओं की सुरक्षा में लगे वीर सैनिकों के प्रति सम्मान प्रकट करने एवं युद्ध जैसे वातावरण में देशवासियों की एकजुटता के भाव के साथ भारतीय जनता पार्टी जिले भर में तिरंगा यात्रा निकालने जा रही है। भाजपा जिला कार्यालय में हुई एक महत्वपूर्ण बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष ने इस यात्रा के विषय में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि विगत दिनों पहलगाम में पड़ोसी देश के पोषित आतंकियों ने जिस तरह धर्म पूछकर हमारे लोगों की नृशंस हत्या की और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्पित राजनैतिक नेतृत्व में जिस तरह हमारी सेना ने ऑपरेशन सिंदूर चलाकर वहां के आतंकियों का सफाया किया और आतंकी अड्डों को ध्वस्त किया, अब हमारा भी कर्तव्य है कि पूरा देश इन वीर सैनिकों के साथ खड़ा दिखे। इसलिए भारतीय जनता पार्टी पूरे देश में तिरंगा यात्रा निकालने जा रही है। इसी कड़ी में कवर्धा जिले भर में ये यात्राएं आयोजित होंगी। जिसके लिए जिला स्तरीय समिति बनाई गई है जिसके संयोजक जिला उपाध्यक्ष जसविंदर बग्गा को बनाया गया है। उनके साथ समिति सदस्यों के रूप में अशोक चंद्रवंशी, सुनील दोषी, सनत साहू और कमलेश द्विवेदी को रखा गया है।

